RNINO:UPHIN39324/2009

Email: vvnewsvaashvara.123@gmail.com
8006305151
9410149826

हर खबर पर पैनी नजर

VV NEWS वैशवारा

साप्ताहिक समाचार पत्र

वर्षः 1 अंकः 1 | रविवार 07 फरवरी 2021 | देहरादून | मूल्यः 5 | पृष्ठः 8

# परिवहन विभाग को बड़ी राहत दी मुख्यमंत्री रावत ने



## –घाटे में चल रहे परिवहन निगम 24.72 करोड़ स्वीकृत

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने परिवहन विभाग के तहत उत्तराखण्ड परिवहन निगम द्वारा पर्वतीय क्षेत्रों में संचालित निगम की बस सेवाओं से होने वाली हानि की प्रतिपूर्ति हेतु रूपये 24.72 करोड़ रूपये स्वीकृत किये हैं।

मुख्यमंत्री ने आदर्श राजकीय इण्टर कॉलेज देवलीखेत, अल्मोड़ा में समेकित प्रयोगशाला के निर्माण हेतु 87.13 लाख की स्वीकृति के साथ ही प्रथम किस्त के रूप में 34.852 लाख स्वीकृत किये हैं। मुख्यमंत्री ने राजकीय इण्टर कॉलेज वाण के भवन एवं 04 अतिरिक्त कक्षा–कक्षों के निर्माण हेतु 185.32 लाख की धनराशि स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री ने राजकीय महाविद्यालय थलीसैंण (पौड़ी गढ़वाल) के भवन निर्माण कार्यों के अवशेष कार्यों हेतु 48.61 लाख स्वीकृत किये हैं।

विभिन्न सड़कों के निर्माण हेतु मुख्यमंत्री ने दी 24.80 करोड़ की स्वीकृति। मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र घनसाली के विकास खण्ड भिलंगना के 02 मोटर मार्गो के प्रथम चरण के निर्माण हेतु रूपये 24.76 लाख की वित्तीय स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री ने जनपद देहरादून के कैण्ट विधानसभा में अनुराग चौक से सीमाद्वार व अनुराग चौक से शहीद विवेक गुप्ता चौक तथा अन्य आंतरिक मार्गों का सुधारीकरण हेतु स्वीकृति दी है। उन्होंने उधम सिंह नगर में अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में सी0सी0 मार्ग बनाये जाने से सम्बन्धित 04 कार्यो हेतु 17.11 लाख स्वीकृत किये हैं ।ख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र बीएचईएल रानीपुर के 05 निर्माण कार्यो हेतु 174.88 लाख रूपये स्वीकृत किये है। जनपद बागेश्वर के विध ाान सभा क्षेत्र कपकोट के अंतर्गत प्रथम चरण के दो निर्माण कार्यो हेतु 31.28 लाख रूपये की स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री ने अल्पसंख्यक कल्याण विभागान्तर्गत कब्रिस्तान में चाहरदीवारी योजनान्तर्गत कुल 18 निर्माण कार्य हेतु 6.60 करोड़ रूपये स्वीकृत किये हैं।

मुख्यमंत्री सीमान्त क्षेत्र विकास के लिए स्वीकृत हुए 14.19 करोड। मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने प्रदेश के सीमान्त क्षेत्रों के विकास हेतु मुख्यमंत्री सीमान्त क्षेत्र विकास के लिए 14.19 करोड स्वीकृत की है ।जनपद देहरादून की शाखा पित्थूवाला के अन्तर्गत गीतांजली एन्क्लेव में ट्यूबवैल व ओवरहैड टैंक के निर्माण एवं राईजिंग मेन बिछाने के कार्य हेतु 490.97 लाख रूपये की वित्तीय स्वीकृति दी है। नगर निगम ऋषिकेश सीमान्तर्गत डम्पिंग जोनध्लीगैसी वैस्ट के प्रसंस्करण एवं निस्तारण हेतु 865 लाख की स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री ने जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र झबरेड़ा में कृ ष्णानगर व सलेमपुर नालों के निर्माण हेतु 96. 59 लाख की स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री ने जिला कारागार अल्मोड़ा में सीवर लाईन संयोजन हेतु 15.03 लाख की स्वीकृति दी है।

## नौकरशाही के पेंच कसे, अब ये अधिकारी हर महीने जिलों का भृमण करेगें

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत जिलों के दौरे के साथ नौकरशाही को भी चुस्त–दुरुस्त करने में जुट गए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर गढ़वाल और कुमाऊं के मंडलायुक्त हर महीने में कम से कम एक बार सभी जिलों का भ्रमण करेंगे। जिलेवार योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा कर प्रगति आख्या मुख्य सचिव को भेजी जाएगी।

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने जिलों के भ्रमण की मुहिम अल्मोड़ा जिले से शुरू की थी। अब तक वह अल्मोड़ा समेत पौड़ी, चमोली और रुद्रप्रयाग जिलों का दौरा कर चुके हैं। जिलेवार विकास कार्यों की समीक्षा कर जायजा लेने के साथ जन फीडबैक भी लिया जा रहा है। मुख्यमंत्री जिलों में पार्टी कार्यकर्ताओं और आम व्यक्तियों से मुलाकात कर विकास कार्यों की जमीनी हकीकत के साथ अधिकारियों के कार्यप्रणाली के बारे में फीडबैक ले रहे हैं।

# 170 कोरोना योद्धाओं को हटाने की तैयारी, स्वस्थ सेवाओं में अहम भूमिका निभाने वाले

देहरादून। कोरोना काल में स्वास्थ्य सेवाओं में अहम भूमिका निभाने वाले जिले के 170 योद्धाओं को 28 फरवरी को सेवा मुक्त कर दिया जाएगा। हैरानी की बात है कि कांट्रेक्ट पर रखे गए इन योद्धाओं में से 50 से अधिक एएनएम को जुलाई 2020 से वेतन नहीं मिला है। इसके बावजूद एएनएम लगातार मानव सेवा के लिए तत्पर रहीं। सेवा मुक्त होने से अब कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने का डर सता रहा है।

कोरोना संक्रमण के चलते 23 मार्च को देश में लॉकडाउन घोषित कर दिया गया था। ऐसे में कोरोना योद्धा बनकर स्वास्थ्य कर्मियों ने ड्यूटी कर अपने कर्तव्यों का



पालन किया। ड्यूटी के दौरान कई स्वास्थ्य कर्मचारी खुद भी कोरोना की चपेट में आ गए थे। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और स्वस्थ होने के बाद फिर से मानव सेवा में तत्परता से जुट गए थे। कोरोना काल में स्वास्थ्य कर्मियों की कमी होने पर 170 स्वास्थ्य कर्मियों को कोरोना संक्रमितों के इलाज और उनकी सेवाओं के लिए नियुक्त किया गया था। इन कर्मचारियों को 28 फरवरी को सेवा मुक्त करने की तैयारी स्वास्थ्य महकमे ने अंदरखाने शुरू कर दी है। ऐसे में कर्मचारी अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। उनका कहना है कि आपदा के समय उनका इस्तेमाल कर अब सरकार उनकी उपेक्षा कर रही है। हद तो यह है कि एएनएम को आठ माह से वेतन तक नहीं दिया गया है। बताया जा रहा है कि स्वास्थ्य विभाग ने एनएचएम योजना से वेतन के लिए जिला प्रशासन को पत्र भेजा है।

# शिक्षा मंत्री अरविंद पांडे ने बताया कि चार मई से होगी उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा

देहरादून। उत्तराखंड बोर्ड 2021 की 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा चार मई से आरंभ होंगी। शिक्षा मंत्री अरविंद पांडेय ने कहा है कि कोविड संक्रमण के चलते इस बार थोड़ा विलंब हुआ है, लेकिन शिक्षकों की मेहनत और छात्रों की समस्याओं को देखते हुए चार मई से 22 मई तक बोर्ड परीक्षाएं होंगी। परीक्षा को लेकर तैयारियां जोरों पर है। साथ ही जून एवं जुलाई तक परीक्षाफल घोषित कर दिए जाएंगे। नैनीताल रोड स्थित एक होटल में शनिवार को शिक्षा मंत्री अरविंद पांडेय एवं बोर्ड सचिव डा. नीता तिवारी ने पत्रकार वार्ता के दौरान परिषदीय बोर्ड परीक्षा कार्यक्रम 2021 की घोषणा की। शिक्षा मंत्री अरविंद पांडेय ने कहा कि कोरोना संक्रमण के चलते 10 माह से स्कूल कालेज बंद होने से शिक्षण प्रभावित हुआ है। आनलाइन पढ़ाई के तमाम प्रयास किए गए। बोर्ड परीक्षा 2020 के दौरान कोरोना संक्रमण के बीच शेष परीक्षाएं कराने एवं समय पर परीक्षाफल घोषित करने के लिए शिक्षकों एवं बोर्ड सचिव को बधाई दी। उन्होंने कहा कि चार मई से 22 मई तक हाइर्स्कूल के 21 प्रश्नपत्र एवं इंटरमीडिएट में 40 प्रश्नपत्रों की लिखित परीक्षा संपन्न होगी। दो पालियों में परीक्षा होगी। इसमें हाइस्कूल की सुबह आठ से 11 बजे तक तथा इंटरमीडिएट की दो बजे से पांच बजे तक परीक्षा होगी।

# आपदा ग्रस्त क्षेत्र का मुख्यमंत्री रावत ने किया स्थलीय निरीक्षण, अधिकारियों को दिए ये दिशा निर्देश

देहरादून ,संवाददाता। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने रविवार को जोशीमठ के रैणी क्षेत्र में ग्लेशियर टूटने से उत्पन्न हुई भीषण आपदा के तुरन्त बाद आपदा स्थल का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। घटना स्थल से लौटने के बाद सचिवालय स्थित मीडिया सेन्टर में पत्रकारों से वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि जोशीमठ क्षेत्र में ग्लेशियर फटने की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन एवं एसडीआरएफ की टीम राहत एवं बचाव कार्यों के लिए घटना स्थल पर पहुंची। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि वे गढ़वाल कमिश्नर श्री रविनाथ रमन एवं डीआईजी गढ़वाल नीरू गर्ग के साथ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे। उन्होंने जिलाधि ाकारी चमोली से पूरी जानकारी ली। मुख्य सचिव ओम प्रकाश एवं सचिव आपदा प्रबंधन श्री एस.ए.मुरूगेशन ने आपदा प्रबन्धन केन्द्र सचिवालय में मौजूद रहकर लगातार स्थिति पर नजर रखी तथा आवश्यक दिशा निर्देश भी जिलाधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आपदा से रैणी के समीप स्थित ऋषिगंगा जलविद्युत परियोजना को भारी नुकसान के साथ ही तपोवन स्थित एनटीपीसी की विद्युत परियोजना का भी कुछ नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि इस आपदा में प्रारम्भिक अनुमान के अनुसार लगभग 125 लोग लापता है। रैणी क्षेत्र के 5 लोगो की भी इसमें अपनी जान गवानी पडी है। अब तक सात लोगों के शव बरामद किये जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि मृतको के आश्रितों को तात्कालिक रूप में 4–4 लाख की आर्थिक सहायता मंजूर की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा पहला उदेद्श्य जान माल की सुरक्षा का है। ऋषिगंगा व एनटीपीसी द्वारा उन्हे हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस क्षेत्र में एक बड़ा तथा 4 छोटे पुलों को नुकसान पहुंचा है। इससे प्रभावित लगभग 11 गांवों को आवश्यक सहायता आदि उपलब्ध कराने के लिये आर्मी हेलीपैड एवं एसडीआरएफ के जवानों के साथ ही आर्मी एवं राज्य सरकार के हेलीकाप्टरों की व्यवस्था के साथ ही आवश्यक चिकित्सा सुविधा के लिये डाक्टरो की भी व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि रैणी के निकट नीति घाटी को जोडने वाले जिन सड़कों एवं पुलों को हुए नुकसान से जिन गांवों का सड़क से सम्पर्क टूट गया है उनमें गहर, भंग्यूल, रैणी पल्ली, पैंग, लाता, सुराईथोटा, तोलमा, फगरासु आदि गांव शामिल है, तथा पुलों में रैणी मे जुगजू का झूला पुल, जुवाग्वाड–सतधार झूलापुल, भग्यूल–तपोवन झूलापुल तथा पैंग मुरण्डा पुल बह गया है। रैणी मे शिवजी व जुगजू मे मां भगवती मंदिर भी आपदा मे बह गए है। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि अब स्थिति नियंत्रण में है, खतरे वाली बात नहीं है। विद्युत परियोजना की सुरंग में मलबा अंदर तक जमा है और सुरंग तक पहुंचना अत्यंत कठिन था। मशीन का सुरंग में जाना मुश्किल था, इसलिए आईटीबीपी के जवान रोप के सहारे वहां पहुंचे। सुरंग में 35–40 फीट गाद जमा है। 250 मीटर लंबी इस सुरंग में अपने हौसले के जरिये जवान 150 मीटर तक पहुंच चुके हैं। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि एनडीआरएपफ की टीम दिल्ली से आई है और कल और जवान आएंगे। आर्मी, पैरामिलिट्री फोर्स और हमारे डॉक्टर आपदा स्थल पर तैनात किए गए हैं। ऐरियल सर्वे कर उन्होंने स्वयं स्थिति का जायजा लिया। किसी भी प्रकार की जरूरत पड़ने पर वहां आर्मी, वायुसेना और राज्य के हेलीकॉप्टर तैनात कर दिए हैं। हमारी मेडिकल टीम हर परिस्थिति के लिए तैयार है और 90 जवानों को भी वहां पहुंचा दिया गया है।

सम्पादकीय

# तेज पिघलती बर्फ

धरती पर प्राकृतिक रूप से जमी बर्फ का पिघलना अगर तेज हुआ है, तो यह न केवल विचारणीय, बल्कि चिंताजनक भी है। विगत कुछ दशकों में धरती के बढ़ते तापमान अर्थात ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के कुछ प्रयास होते दिख रहे हैं, लेकिन तब भी बर्फ का पिघलना रुकना तो दूर, तेज होता जा रहा है। द क्रायोस्फीयर जर्नल में प्रकाशित शोध में पाया गया है कि 1994 और 2017 के बीच पृथ्वी ने 28 ट्रिलियन टन बर्फ खो दी है। पूरे ग्रह में बर्फ के पिघलने की दर तेजी से बढ़ रही है। वर्ष 1990 में 0.8 ट्रिलियन टन बर्फ प्रतिवर्ष पिघल रही थी, लेकिन 2017 में प्रतिवर्ष 1.3 ट्रिलियन टन बर्फ पिघलने लगी है। अगर दुनिया में बर्फ को पिघलने से रोकने के प्रयास हो रहे हैं, तो फिर बर्फ का पिघलना भला क्यों तेज हुआ है? धरती को हो रहा यह नुकसान महज कागजी हिसाब-किताब पर आधारित नहीं है। ब्रिटेन के लीड्स विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं की टीम ने सैटेलाइट से प्राप्त आंकड़ों का उपयोग करते हुए बर्फ के नुकसान का ठोस अनुमान लगाया है। इस अध्ययन से यह भी पता चलता है कि कुल 23 साल के सर्वेक्षण में बर्फ के नुकसान की दर में 65 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

बर्फ का पिघलना एक पूरी विनाश शृंखला का हिस्सा है। संक्षेप में अगर कहें, तो बर्फ के पिघलने से ग्लोबल वार्मिंग को बढ़ावा मिलता है और ग्लोबल वार्मिंग से बर्फ का पिघलना तेज होता है। अतः परस्पर जुड़े इस सिलसिले को तोड़ना जरूरी है। बहुत से लोग अभी भी बर्फ के पिघलने को हल्के से लेते हैं, जबकि यह खतरा बहुत गंभीर और बड़ा है। बर्फ के पिघलने से समुद्र का जल स्तर बढ़ जाता है, जिससे तटीय क्षेत्र मुश्किल में पड़ते हैं। अनेक द्वीपों पर जीव-जीवन खतरे में पड़ता है, क्योंकि उनके प्राकृतिक आवास को नुकसान पहुंचता है। हम अक्सर पढ़ते रहते हैं कि यह द्वीप या देश आने वाले दशकों में डूब जाएगा, लेकिन वास्तव में इसकी गंभीरता को हममें से ज्यादातर लोग समझ नहीं पा रहे हैं। आज दुनिया अंतरिक्ष विज्ञान पर बहुत खर्च कर रही है, चांद-मंगल पर बस्ती बसाने का सपना है, लेकिन वैसा ही जुनून धरती को बचाने के लिए भी होना चाहिए। इस नुकसान पर गौर करना होगा। खासकर अंटार्कटिका और ग्रीनलैंड में ध्रुवीय बर्फ की चादर खत्म होती जा रही है, नतीजा पूरी दुनिया को भुगतना पड़ेगा। लीड्स विश्वविद्यालय के रिसर्च फेलो थॉमस स्लेटर कहते हैं, 'हमने हर क्षेत्र में बर्फ के नुकसान का अध्ययन किया है, लेकिन अंटार्कटिका व ग्रीनलैंड में पसरी बर्फ की चादरों को सबसे तेज और गहरा नुकसान हुआ है। वातावरण और महासागरों का गरम होना तेज हो रहा है। वातावरण व महासागरों का तापमान प्रति दशक क्रमशः 0.26 और 0.12 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ रहा है। अब इसमें संदेह की कोई गुंजाइश नहीं रही कि दुनिया को अपने बचाव के लिए जितना गंभीर होना चाहिए, वह नहीं है। अमेरिका के पिछले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को हमने जलवायु संबंधी अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते देखा था। वहां अब जो नई सरकार बनी है, वह जलवायु परिवर्तन को लेकर ज्यादा संवेदनशील प्रतीत हो रही है। बेशक, अमेरिका जैसे विकसित देश पर सर्वाधिक जिम्मेदारी है। धरती का दोहन नहीं रुक सकता, लेकिन धरती के साथ हो रहे अत्याचार को तत्काल रोकना चाहिए।




**म्यांमार में सेना ने पूर्व स्टेट काउंसर आंग सान सूकी की पार्टी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी के वयोवृद्ध नेता यू विन हितीन को भी गिरफ्तार कर लिया है। तख्तापलट के खिलाफ शुक्रवार को भी शहरों में लोगों का प्रदर्शन जारी रहा।**

# चीन के एंटी डिफेंस मिसाइल के निशाने पर कौन, दक्षिण चीन सागर और भारत के साथ सीमा तनाव के बीच ड्रैगन ने किया परीक्षण



**पेइचिंग, एजेंसी।** दक्षिण चीन सागर और भारत के साथ सीमा तनाव के बीच चीन ने एक बार फिर अपनी शक्ति और क्षमता का प्रदर्शन किया है। दक्षिण चीन सागर और चीन-भारत सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच चीन ने एंटी डिफेंस मिसाइल का परीक्षण किया है। इस मिसाइल की खासियत यह है कि वह दुश्मन के मध्यम दूरी तक मार करने वाली मिसाइल को रास्ते में तबाह करने की क्षमता रखती है। हालांकि, चीन ने इस मिसाइल के बारे में अधिक जानकारी देने से इंकार किया है। चीन के सरकारी न्यूज एजेंसी ग्लोबल टाइम्स ने दावा किया है कि चीन की यह मिसाइल दुश्मन के मिसाइलों को लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ध्वस्त कर देगी। उधर, चीनी रक्षा अधिकारियों ने कहा है कि यह पूरा परीक्षण रक्षात्मक प्रकृति का है। किसी देश को लक्ष्य रखकर इसका परीक्षण नहीं किया गया है। हालांकि, चीन के इस परीक्षण पर किसी की प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन निश्चित रूप से भारत और अमेरिका की नजर इस पर होगी। विशेषज्ञों की राय है कि चीन की इस मिसाइल का लक्ष्य उन दुश्मन देशों को सतर्क करना है, जिनके पास मिसाइल क्षमता है। प्रो. हर्ष पंत का कहना है कि जाहिर तौर पर चीन का लक्ष्य भारत हैं। चीन इस परीक्षण के जरिए यह प्रदर्शन करना चाह रहा है कि भारत की मिसाइलों से वह पूरी तरह से सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि लेकिन चीन के इस कदम से जाहिर तौर पर दक्षिण एशिया में शस्त्रों की होड़ का नया सिलसिला पैदा होगा। यह दक्षिण एशिया की स्थिरता और शांति के लिए घातक होगा। उन्होंने कहा कि चीन ने यह परीक्षण उस वक्त किया है जब दक्षिण चीन सागर पर उसका कई तटीय मुल्कों से विवाद चल रहा है। इसके साथ भारत-चीन सीमा पर लगातार संघर्ष चल रहा है। ऐसे में चीन की यह चुनौती उन मुल्कों के समक्ष है, जिससे उसका सीधा विवाद है। उन्होंने कहा कि चीन अप्रत्यक्ष रूप से इस क्षेत्र में अमेरिकी प्रभुत्व को कम करना चाह रहा है। चीन का रक्षा विभाग भले ही मिसाइल परीक्षण के बारे में मौन हो, लेकिन सोशल मीडिया में परीक्षण का वीडियो शेयर किया जा रहा है। चीन में ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है कि जब मिसाइल परीक्षण का वीडियो जारी हुआ हो। इसके पूर्व वर्ष 2018 में चीन ने इसी तरह का एंटी बलिस्टिक मिसाइल सिस्टम का परीक्षण किया था और उसे सोशल मीडिया पर शेयर किया गया था। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो के फुटेज यह संकेत दे रहे हैं कि चीन ने इस मिसाइल सिस्टम का देश के उत्तरी इलाके में परीक्षण किया है। इस मिसाइल को चीन के शांक्सी प्रांत से प्रक्षेपित किया गया है।

# पाकिस्तान में 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को नहीं दी जाएगी चीन की सिनोफार्म कोरोना वैक्सीन

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में चीन से लाई गई सिनोफार्म कोविड-19 वैक्सीन का इस्तेमाल 60 वर्ष की उम्र से अधिक लोगों पर नहीं किया जाएगा। प्रधानमंत्री इमरान खान के स्वास्थ्य मामलों के विशेष सचिव डॉक्टर फैसल सुल्तान के मुताबिक इसको इस उम्र से अधिक आयु वर्ग के लोगों के लिए स्वीकृत नहीं किया गया है। उन्होंने पत्रकारों से हुई वार्ता के दौरान बताया है कि सरकार की एक्सपर्ट कमेटी ने इसके आंकड़ों का विश्लेषण किया है जिसमें पता लगा है कि फिलहाल ये केवल 18-60 वर्ष की आयु वर्ग के लिए ही है। लिहाजा ऐसी सूरत में इसको 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए स्वीकृत नहीं किया जा सकता है। उन्होंने ये भी कहा है कि ये किसी भी तरह से असामान्य परिस्थिति नहीं है। फैसल के मुताबिक जब नई वैक्सीन पाकिस्तान को मिल जाएंगी और इसके अधिक आंकड़े हासिल हो जाएंगे तब उनके विश्लेषण के आधार पर आगे का फैसला लिया जाएगा। इस दौरान जब उनसे पूछा गया कि 60 वर्ष की आयु से अधिक लोगों को कौन सी वैक्सीन दी जाएगी तो उन्होंने जवाब में एस्ट्राजेनेका की बनाई वैक्सीन देने की बात कही है। आपको बता दें कि कुछ ही दिन पहले पाकिस्तान ने चीन में अपना विशेष विमान भेज कर सिनोफार्म वैक्सीन की 5 लाख खुराक मंगवाई थी। सरकार के लिए मुताबिक ये खुराक उन्हें चीन की तरफ से मुफ्त में मिली हैं। पाकिस्तान ने इसको चीन से मिला गिफ्ट करार दिया था। इसके बाद ही पाकिस्तान में कोविड-19 के टीकाकरण को शुरू किया गया है। पाकिस्तान में शुरुआत में स्वास्थ्यकर्मियों को वैक्सीन दी जा रही है। आपको यहां पर ये भी बता दें कि इसी तरह का फैसला जर्मनी ने ऑक्सफॉर्ड और एस्ट्राजेनेका की बनाई कोविड-19 वैक्सीन को लेकर लिया था। वहां पर इस वैक्सीन को 65 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में लगाने के लिए मना कर दिया गया था। हालांकि विशेषज्ञों जर्मनी के इस फैसले को सही नहीं मानते हैं। पाकिस्तान में भी यही सवाल खड़ा हुआ है। एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन को 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को लगाने के बाबत डॉक्टर फैसल से पूछा गया कि इसको कई देशों ने इस उम्र के लोगों को लगाने की इजाजत नहीं दी है, तो उनका जवाब था कि कई देशों ने इसकी इजाजत दे रखी है।

# म्यांमार में सविनय अवज्ञा आंदोलन, फेसबुक पर बैन के बाद ट्विटर पर आए लोग

**सिंगापुर, एजेंसी।** म्यांमार में सेना की ओर से किए गए तख्तापलट के खिलाफ लोगों का आक्रोश बढ़ रहा है। समाचार एजेंसी आइएएनएस ने सिन्हुआ के हवाले से बताया है कि सेना ने पूर्व स्टेट काउंसर आंग सान सूकी की पार्टी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी के वयोवृद्ध नेता यू विन हितीन को भी गिरफ्तार कर लिया है। वहीं समाचार एजेंसी रॉयटर के मुताबिक शुक्रवार को भी शहरों में लोगों का प्रदर्शन जारी रहा। म्यांमार में सैन्य तख्तापलट के शिकार हुए म्यांमार में गांधीवादी सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू हो गया है। शुक्रवार को शिक्षकों और छात्रों ने बड़ी रैली कर अपदस्थ नेता आंग सान सूकी के प्रति समर्थन का इजहार किया। देश के शिक्षकों ने अध्यापन कार्य छोड़कर अब अवज्ञा आंदोलन में भाग लेने का फैसला किया है। यांगून यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर ने थाजिन लेइंग ने कहा, हम चाहते हैं कि देश में सैन्य तख्तापलट विफल साबित हो। सबसे बड़े शहर यांगून में लोग घरों पर लाल झंडे-झंडी लगाकर, लाल रिबन लगाकर, लाल गुब्बारे लगाकर और खुद लाल कपड़े पहनकर सूकी के प्रति समर्थन जता रहे हैं।

# पीएम मोदी की लोगों से विनम्र अपील, नरेंद्र सिंह तोमर का यह स्पीच जरूर सुनें



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर लोगों से अपील की है कि आज राज्यसभा में कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा दिए गए स्पीच को अवश्य सुनें। पीएम ने कहा कि कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने राज्यसभा में कृषि सुधार कानूनों से जुड़े प्रत्येक पहलू को लेकर विस्तार से जानकारी दी। मेरा विनम्र निवेदन है कि उनकी यह स्पीच जरूर सुनें। ट्वीट में पीएम मोदी ने एक यू-ट्यूब का लिंक भी शेयर किया है।

बता दें कि केंद्र द्वारा लाए गए कृषि कानूनों के मसले पर शुक्रवार को कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने राज्यसभा में अपनी बात कही। कृषि मंत्री ने कहा कि भारत सरकार लगातार किसानों से बात करने में लगी हुई है। नरेंद्र सिंह तोमर इस दौरान विपक्ष पर जमकर बरसे। इसके साथ ही कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने राज्यसभा में कृषि सुधार कानूनों से जुड़े प्रत्येक पहलू को लेकर विस्तार से जानकारी दी। किसान आंदोलन पर नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि विपक्ष सरकार को किसान आंदोलन के मुद्दे पर घेर रहा है और तीनों नए कानूनों को काला कानून बता रहा है। लेकिन इन कानूनों में काला क्या है, कोई ये भी बताए. कृषि मंत्री बोले कि नए एक्ट के तहत किसान अपने सामान को कहीं भी बेच सकेगा। कृषि मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार का एक्ट राज्य सरकार के टैक्स को खत्म करता है, लेकिन राज्य सरकार का कानून टैक्स देने की बात करता है। नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि जो टैक्स लेना चाह रहा है, आंदोलन उनके खिलाफ होना चाहिए लेकिन यहां उल्टी गंगा बह रही है। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि पंजाब सरकार के एक्ट के मुताबिक अगर किसान कोई गलती करता है, तो किसान को सजा होगी। लेकिन केंद्र सरकार के एक्ट में ऐसी कोई बात नहीं है।

कृषि मंत्री बोले कि हमने किसान संगठनों के साथ 12 बार बात की, उनके खिलाफ कुछ नहीं कहा और बार-बार यही कहा है कि आप क्या बदलाव चाहते हैं वो हमें बता दीजिए। नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि अगर हमारी सरकार कानून में बदलाव कर रही है, तो इसका मतलब ये नहीं है कि कृषि कानून गलत है। कृषि मंत्री ने कहा कि सिर्फ एक राज्य के किसानों को बरगलाया जा रहा है, किसानों को डराया जा रहा है। खेती पानी से होती है, लेकिन सिर्फ कांग्रेस ही है जो खून से खेती कर सकती है। केंद्र सरकार जो कानून लाई है, उसके मुताबिक किसान कभी भी कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग से अलग हो सकता है।

गौरतलब है कि तीनों कृषि कानूनों को वापस लिए जाने की मांग करते हुए किसान दिल्ली की सीमाओं पर करीब ढाई महीने से आंदोलन कर रहे हैं। उनका कहना है कि इन कानूनों से मंडी व्यवस्था खत्म हो जाएगी और वे बड़े कारपोरेट घरानों की दया पर निर्भर हो जाएंगे। वहीं दूसरी ओर सरकार का तर्क है कि किसानों के हित में लाए गए इन कानूनों से किसानों की आमदनी बढ़ेगी।

## विशेषज्ञ समिति ने पहले ही कर दी थी फाइजर वैक्सीन को अनुमति नहीं देने की सिफारिश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी दवा कंपनी फाइजर ने शुक्रवार को भारत में अपनी कोरोना वैक्सीन के इमरजेंसी इस्तेमाल की मंजूरी के लिए दिए गए आवेदन को वापस लेने की घोषणा की लेकिन अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में दवा नियामक की विशेषज्ञ समिति ने दो दिन पहले ही फाइजर की वैक्सीन को अभी मंजूरी नहीं देने की सिफारिश कर दी थी। फाइजर ने भारत में अपनी वैक्सीन के इमरजेंसी इस्तेमाल की मंजूरी के लिए पिछले साल पांच दिसंबर को भारतीय दवा महानियंत्रक (डीसीजीआइ) के यहां आवेदन किया था, ऐसा करने वाली वह पहली कंपनी थी। ब्रिटेन और बहरीन में अपनी वैक्सीन के इमरजेंसी इस्तेमाल की मंजूरी मिलने के बाद फाइजर ने भारत में इसके लिए आवेदन किया था। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की विषय विशेषज्ञ समिति (एसईसी) ने तीन फरवरी को फाइजर के आवेदन पर विस्तार से चर्चा की। उसके बाद समिति ने देश में फिलहाल फाइजर की वैक्सीन के इमरजेंसी इस्तेमाल की मंजूरी की सिफारिश नहीं करने का फैसला किया। समिति की तरफ से जो सिफारिश की गई है, उसमें कहा गया है कि यह पाया गया है कि दुनिया में फाइजर की वैक्सीन देने के बाद लाभार्थियों में लकवा, उग्रता और अन्य तरह की समस्याएं नजर आई हैं।

## आदिवासियों ने ग्राम पंचायत में पेश किया प्रस्ताव, मतांतरण करने वाले सरकारी लाभ से हों वंचित

**इंदौर, एजेंसी।** आदिवासी बहुल जिले आलीराजपुर के एक गांव के आदिवासियों ने पंचायत में अनूठा प्रस्ताव पेश कर बदलाव की पहल की है। टेमाची ग्राम पंचायत में मतांतरण को हतोत्साहित करने वाला प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। इसके अनुसार पंचायत क्षेत्र में यदि कोई भी मतांतरण करता है तो उसे आदिवासी के रूप में मिलने वाले आरक्षण सहित शासन की अन्य सुविधाओं का लाभ न दिया जाए। जिले की किसी भी ग्राम पंचायत में इस तरह का यह पहला प्रस्ताव है। गांव के अधिकांश लोग इसके समर्थन में हैं।

आदिवासी अंचल में जबरिया या प्रलोभन देकर मतांतरण के मामले और उनसे जुड़े विवाद अक्सर सामने आते रहते हैं। यह गांव भी हाल ही में इसका गवाह बना। बीते दिनों आंबुआ के निकट स्थित इस गांव टेमाची में विवाद की स्थिति बन गई थी। हिंदूवादी संगठनों का आरोप था कि प्रार्थना के नाम पर मतांतरण का प्रयास किया जा रहा था। यह विवाद थाने भी पहुंचा था। आंबुआ थाना पुलिस ने एक दर्जन से अधिक लोगों पर शांति भंग की आशंका के तहत मामला दर्ज किया था। अब स्थानीय आदिवासी समुदाय ने एकजुट होकर पंचायत में मतांतरण के खिलाफ यह प्रस्ताव पेश किया है। टेमाची के सरपंच जगतसिंह कनेश के अनुसार ग्राम पटेल (मुखिया) के माध्यम से यह प्रस्ताव रखा गया था। ज्यादातर गांववासी इसके पक्ष में हैं। इसमें यह प्रस्ताव भी है कि मतांतरण करने वालों को अन्य शासकीय सुविधाओं का भी लाभ न मिले। गांववासियों की यह भावना है कि कोई भी लोभ या कथित चमत्कार के फेर में अपना मत (धर्म) न बदले। इससे विवादों से भी बचा जा सकेगा। पंचायत सचिव सोमाभाई रावत ने बताया कि ग्रामसभा में आए प्रस्ताव को मार्गदर्शन के लिए वरिष्ठ कार्यालय भेजा गया है। हालांकि जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी संस्कृति जैन का कहना है कि इस तरह का प्रस्ताव संज्ञान में नहीं आया है। प्रस्ताव सामने आने पर ही कुछ कहा जा सकता है। आदिवासी बहुल आलीराजपुर और झाबुआ में ईसाई मिशनरी रियासत काल से सक्रिय हैं। आरोप लगता रहा है कि सेवा के नाम पर अंचल में मतांतरण का काम किया जा रहा है। इलाके में सबसे बड़ी परेशानी यह है कि मतांतरण होने के बाद भी यह सरकारी दस्तावेजों में दर्ज नहीं होता।

## चार उच्च न्यायालयों में 24 जजों के नियुक्ति प्रस्तावों को सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम ने इलाहाबाद और कलकत्ता हाई कोर्ट में क्रमशः 11 और आठ न्यायिक अधिकारियों की जजों के रूप में प्रोन्नति को मंजूरी दे दी है। जबकि कर्नाटक हाई कोर्ट में दो न्यायिक अधिकारियों व एक अधिवक्ता और छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में एक न्यायिक अधिकारी व एक अधिवक्ता को जज के रूप में पदोन्नत किया गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार की ओर से अपीलें दायर करने में देरी पर सख्त रुख अपनाया है। साथ ही कहा कि सरकार अपने सभी विभागों को इस संबंध में आदेश जारी करके अपना कामकाज दुरुस्त करे। अदालत ने कहा कि ऐसे कई मामलों में जुर्माना लगाने के बावजूद ऐसा लगता है कि बधिरों को कुछ भी कहना बेकार है।

दिल्ली हाई कोर्ट की ओर से पारित एक आदेश के खिलाफ अपील करने में 6616 दिनों की देरी पर सर्वोच्च अदालत ने कहा कि केंद्र ने आज जैसे विशेष अनुमति याचिका दायर की है जैसे पहले की सब याचिकाएं रद्दी की टोकरी में फेंक दी हों। जस्टिस एसके कौल, दिनेश महेश्वरी और ऋषिकेश की पीठ ने कहा कि इतने दिशा-निर्देशों के बावजूद याचिका दायर करने में देरी करने वाले अधिकारियों से जुर्माना वसूलने के निर्देश के बावजूद लगता है कि इससे किसी को फर्क ही नहीं पड़ता है। कोर्ट ने छह पन्ने के अपने आदेश में सरकार की ओर से देर से अपील दायर करने की आदत को सर्वोच्च अदालत से अंतिम निर्णय लेने की जुगत लगता है। ताकि उन्हें कोर्ट से एक सर्टीफिकेट मिल जाए कि अब इस मामले में कुछ नहीं हो सकता है। उनका मकसद सिर्फ खानापूरी करना होता है और गलती करने वाले अधिकारियों की खाल बचाना होता है।

यह वह अधिकारी हैं जो प्रक्रिया को पूरा करने में चूक जाते हैं या फिर जानबूझकर देरी करते हैं। इसलिए अदालत ने इस मामले में जिम्मेदार अधिकारी पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना चार हफ्ते में रिकार्ड वेलफेयर फंड में जमा कराने को कहा है।

## संक्षिप्त समाचार

## देश में कोरोना को मात देने वालों का आंकड़ा 1.05 करोड़ के करीब



नई दिल्ली। देश में कोरोना संक्रमण से पूरी तरह के मुक्त हो चुके लोगों का आंकड़ा एक करोड़ पांच लाख के करीब पहुंच गया है। पिछले एक महीने से भी अधिक समय से रोजाना नए मामलों से ज्यादा मरीज ठीक हो रहे हैं। कुल संक्रमितों की संख्या भी एक करोड़ आठ लाख को पार कर गई है, जिसमें से डेढ़ लाख से ज्यादा मरीजों की मौत भी हो चुकी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से शुक्रवार सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में पिछले 24 घंटे के दौरान 12,408 नए मामले सामने आए, 15,853 मरीज ठीक हुए और 120 लोगों की मौत हुई। इसके साथ ही कुल संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर एक करोड़ आठ लाख दो हजार से अधिक हो गया। इनमें से एक करोड़ चार लाख 96 हजार से ज्यादा मरीज पूरी तरह से ठीक भी हो चुके हैं और 1,51,460 लोगों की जान जा चुकी है। मरीजों के उबरने की दर बढ़कर 97.16 फीसद हो गई है और मृत्युदर 1.43 फीसद पर बनी हुई है। मंत्रालय के मुताबिक सक्रिय मामलों यानी जिन लोगों का कहीं न कहीं इलाज चल रहा है, उनकी संख्या घटकर 1,51,460 रह गई है, जो कुल मामलों का 1.40 फीसद है। सबसे ज्यादा सक्रिय मामले केरल में हैं और दूसरे नंबर पर महाराष्ट्र है।

## अब तक 50 लाख लोगों को लगी वैक्सीन, मार्च से होगा 50 साल से ज्यादा उम्र के लोगों का टीकाकरण: हर्षवर्धन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने शुक्रवार को लोकसभा में बताया कि आम बजट में टीकाकरण के लिए 35 हजार करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। यदि जरूरत पड़ी तो इसके लिए और रकम आवंटित की जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि अब तक 22 देशों ने भारत से कोविड वैक्सीन की आपूर्ति की गुजारिश की है। इनमें से 15 मुल्कों को वैक्सीन की खेप भेज भी दी गई है। इससे पहले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश में अब तक करीब 50 लाख लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने यह भी बताया कि 50 साल से अधिक उम्र के लोगों को मार्च के दूसरे या तीसरे हफ्ते से टीका लगाने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। मौजूदा वक्त में सात कोविड वैक्सीन पर काम चल रहा है। इनमें से तीन टीके क्लिनिकल ट्रायल के तीसरे चरण में हैं जबकि दो पहले और दूसरे चरण में हैं। कोरोना के खिलाफ दो टीके अग्रिम प्री-क्लिनिकल चरण में हैं। डॉ. हर्षवर्द्धन ने लोकसभा में पूरक सवालों के जवाब में उक्त जानकारियां दीं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी बताया कि पहले चरण में एक करोड़ स्वास्थ्य कर्मियों के टीकाकरण का लक्ष्य है। इसके बाद अग्रिम मोर्चे काम करने वाले दो करोड़ फ्रंटलाइन वर्कर को वैक्सीन लगाई जाएगी। फ्रंटलाइन वर्कर के टीकाकरण का कार्य बीते दो फरवरी से शुरू हो गया है। तीन करोड़ स्वास्थ्य कर्मियों और फ्रंटलाइन वर्कर के टीकाकरण पर लगभग 480 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

## कोरोना से ठीक होने के बाद भी दोबारा संक्रमण का जोखिम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनियाभर में वैज्ञानिक कोरोना की काट खोजने में जुटे हुए हैं। जैसे जैसे कोरोना संक्रमण को लेकर अध्ययन आगे बढ़ रहे हैं वैसे वैसे इसके बारे में नए खुलासे भी सामने आ रहे हैं। अब बीएमजे केस रिपोर्ट्स में प्रकाशित एक अध्ययन में कहा गया है कि कोरोना से पीड़ित रह चुके कुछ लोगों में रोग प्रतिरोधक क्षमता घट जाने के चलते उनके दोबारा संक्रमित होने की आशंका बढ़ जाती है। वैज्ञानिकों ने अध्ययन में पाया है कि सार्स-सीओवी-2 वायरस से पहली बार पीड़ित होने वाले लोगों में जब एंटीबॉडी का स्तर घट जाता है तो उनके दोबारा संक्रमित होने का जोखिम भी बढ़ जाता है। हालांकि अध्ययन में यह भी कहा गया है कि पहली बार बहुत गंभीर संक्रमण रहा हो तो दूसरी बार इसके लक्षण मामूली होते हैं। अमेरिका में येल यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के वैज्ञानिकों ने इसे समझाने के लिए 40 वर्षीय एक शख्स के मामले का हवाला दिया। इस व्यक्ति को चार महीने पहले कोरोना के मामूली संक्रमण के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि इससे पहले भी वह अप्रैल 2020 में गंभीर संक्रमण की चपेट में आ चुका था। समाचार एजेंसी पीटीआइ ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि वह व्यक्ति मधुमेह, थायरॉइड और मोटापे की समस्या से भी पीड़ित था। कोरोना संक्रमण के लिहाज से ये बीमारियां जोखिम की वजह बनती हैं। वैज्ञानिकों ने बताया कि व्यक्ति अप्रैल में कोरोना से गंभीर रूप से संक्रमित हुआ।

## इंदौर में रहने वाले 64 पूर्व पाकिस्तानी नागरिकों को मिली भारतीय नागरिकता

**इंदौर, एजेंसी।** इंदौर में रहने वाले सिंधी समुदाय के 64 लोगों को भारतीय नागरिकता का प्रमाणपत्र मिल गया। नागरिकता पाने वालों में से एक इंदौर में रहने वाले प्रदीप लाजोमल तलरेजा हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के सांसद शंकर लालवानी और जिला प्रशासन की मदद से न केवल उन्हें बल्कि उनकी पत्नी लता कुमार तलरेजा व नारायणदास लाजोमल तलरेजा को भी नागरिकता का प्रमाणपत्र मिल गया है। तलरेजा ने बताया कि वे पाकिस्तान के सिंध प्रांत में रहते थे। वहां अल्पसंख्यकों का शोषण व अत्याचार से तंग आकर वे 13 साल पहले 2008 में यहां आ गए। भारत आने के बाद केंद्र सरकार द्वारा उन्हें रिफ्यूजी का दर्जा दिया गया और इसी दर्जे के साथ वे इंदौर में रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारत आकर वे खुश हैं। उन्होंने भारत सरकार व जिला प्रशासन को दिए गए इस समर्थन के लिए शुक्रिया अदा किया। नागरिकता पाने वाले लोग खुशी से फूले नहीं समा रहे। इन लोगों ने भारत सरकार का शुक्रिया अदा करते हुए कहा है कि देश की सरकार के इस पहल से उन्हें नया जीवन मिल गया है। बता दें कि इन सभी लोगों ने नागरिकता पाने के लिए अपना आवेदन मध्यप्रदेश के गृह विभाग में दायर किया हुआ था जिसे मंजूरी मिलते ही उन्हें भारतीय नागरिक बना दिया गया है।

# किसानों को खालिस्तान कहने वाले लोगों के ऊपर हो कार्रवाई: भीम आर्मी



–अंकुर सक्सेना

हल्द्वानी। किसान आंदोलन जिस तरह से बढ़–चढ़कर लोग किसान आंदोलन में अपनी भागीदारी दे रहे हैं ऐसे में देखा जा सकता है कि कहीं ना कहीं पर किसान आंदोलन अपनी पकड़े बनाता हुआ जा रहा है ऐसे में कुछ लोगों द्वारा इन किसानों को खालिस्तानी आतंकवादी और अन्य शब्दों से संबोधित किया जा रहा है इसमें देखा जा सकता है कि उनकी मानसिकता किस प्रकार से और किस प्रकार से वह देश में जातिवाद या फिर दंगा कराने के लिए तत्पर है बता दे कि आज नैनीताल जिले के हल्द्वानी शहर में भीम आर्मी के द्वारा हल्द्वानी सिटी मजिस्ट्रेट को एक ज्ञापन सौंपा गया जो ज्ञापन भारत के पहले नागरिक राष्ट्रपति के लिए है जिसमें उन्होंने कहा है कि किसान आंदोलन में भागीदारी कर रहे सिख समाज की किसानों को सोशल मीडिया और राष्ट्रीय मीडिया के बहुत से चौनलों पर खुलेआम खालिस्तानी कहां जा रहे हैं उनसे समाज की भावनाओं के साथ खिलवाड़ और उन्हें किया जा रहा है जिसे देखते हुए देश में लगातार माहौल बिगड़ते ही जा रहे हैं और जहां सिख समाज पर मानसिक आघात किया जा रहा है जबकि इस देश के लिए सिख समाज की उन्नति में उल्लेखनीय योगदान देते रहे हैं और भीम आर्मी के लोगों ने सिटी मजिस्ट्रेट से यह भी आगरा क्या है कि इस प्रकार से सामाजिक विरोधी तत्व और मीडिया पर लापरवाही करने वालों के ऊपर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए इसके जिससे कि देश में माहौल ना बिगड़े और ना ही किसी प्रकार से किसी समुदाय की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया जा सके ज्ञापन देने में कुमाऊं मंडल के अध्यक्ष सिराज अहमद संरक्षक जी आर टम्टा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनीष गौतम नैनीताल जिला के अध्यक्ष नफीस अहमद आदि लोग मौजूद थे।

## चोरी का खुलासा लाखों का माल बरामद



–नसीम

रुडकी। गंगनहर कोतवाली पुलिस ने बीती 2 फरवरी को सुनहरा गांव के सेवानीव्रत कर्मचारी के बंद मकान में लाखों की चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है जिसके पास से पुलिस को चोरी किया गए तमाम सोने–चांदी के जेवरात और लगभग 30 हजार की नगदी बरामद हुई है पुलिस फिलहाल आरोपी से पूछताछ करने में जुटी हुई है पकड़ा गया आरोपी अरविंद उर्फ मोनू सुनहरा गांव का निवासी है।

कोतवाली पहुंचे एसपी देहात परमेन्द्र सिंह डोभाल ने एक प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि सुनहरा गांव निवासी सेवा निवृत्त चंद्रपाल ने पुलिस को तहरीर में बताया था कि उसके बन्द मकान से लाखों के सोने चांदी के गहने और नगदी चोरी हो गए हैं जिसके चलते पुलिस ने एक टीम बनाकर छानबीन शुरू की तो पुलिस टीम ने आरोपी अरविंद को रूडकी से गिरफ्तार किया जिसके पास से चोरी किए गए कीमती गहने और लगभग तीस हजार की नकदी बरामद हुई है।

फिलहाल पुलिस आरोपी अरविंद का अपराधिक इतिहास खंगालने में जुटी है एसपी देहात ने आरोपी अरविंद कुमार को पकड़ने वाली टीम को ढाई हजार का इनाम देने की घोषणा भी की है।

## दो गुटों में जमकर चली तलवारें, 4 लोग गंभीर रूप से घायल, मुकदमा दर्ज

–सागर मलिक

उधम सिंह नगर। उधम सिंह नगर में सोशल मीडिया पर एक किसान विरोधी पोस्ट ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। दो गुटों में सोशल मीडिया पर हुई बहस खूनी संघर्ष में बदल गयी। विवाद इतना बढ़ा कि दो पक्षों के 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं एक युवक का उपचार हल्द्वानी के अस्पताल में चल रहा है जहां वह आईसीयू में भर्ती है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर 4 नामजद समेत आधा दर्जन अन्य लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बता दे कि ग्राम पिपलिया निवासी चेतन शर्मा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट को शेयर किया था। पोस्ट शेयर करने के बाद विवाद शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि अभद्र भाषा का प्रयोग सोशल मीडिया पर किया जाने लगा। जिससे आक्रोशित बढ़पुरा और हाथी कुंडा के दो दर्जन से अधिक लोग गांव पिपलिया पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। जिसमें दबंगों ने मारपीट शुरू कर दी जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें एक युवक सौजन्य का उपचार हल्द्वानी में किया जा रहा है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस को आता देख दबंग युवक मौके से फरार हो गए। वहीं दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ पुलिस में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है जिसके चलते पुलिस ने एक पक्ष की ओर से चार नामजद और आधा दर्जन अन्य लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।




## काँगेस विधायक फुरकान अहमद के नेतृत्व में कांग्रेसियो ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

कलियर। किसान आंदोलन के समर्थन में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा तीनों कृषि कानूनों को रद्द करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य तय कर खरीद की गारंटी करने का कानून बनाने आदि की मांग की और तीनो काले कानून व किसानों पर थोपे गए मुकदमें वापस लेने की मांग को लेकर नयाब तहसीलदार के माध्यम से उत्तराखंड राज्यपाल को ज्ञापन भेजा गया।शनिवार को पिरान कलियर में सोहलपुर रोड स्थिति विधायक के कैम्प कार्यालय पर विधायक हाजी फुरकान अहमद के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नायब तहसीलदार सुदेशपाल सैनी को उत्तराखंड राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया जिसमें किसानों पर थोपे गए तीनों काले कानून को वापस लेने और किसानों पर दर्ज मुकदमों को वापस लेने की मांग की गई।इस दौरान विधायक हाजी फुरकान अहमद ने कहा कि केन्द्र सरकार काले कानून थोप रही हैं,और किसानों की जमीन छीनकर अंबानी–अडानी सरीखे कॉरपोरेट घरानों के हवाले करने वाले तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों का ऐतिहासिक देशव्यापी आंदोलन जारी है। इस आंदोलन को आम जनता का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। ये विनाशकारी कृषि कानून किसानों व किसानी को तबाह कर देंगे, बल्कि आम जनता को दाने–दाने का मोहताज बना देंगे।मजदूरों और गरीब अवाम को खाद्य सुरक्षा से भी वंचित कर देंगे क्योंकि खाने की वस्तुओं को बाजार और जमाखोरी के हवाले कर दिया जायेगा। राशन की प्रणाली समाप्त कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि देश में आज रिकॉर्ड–तोड़ बेरोजगारी और साथ ही कमरतोड़ महंगाई है,मोदी सरकार का बजट भी किसान मजदूर विरोधी है। ये कृषि कानून फांसी का फंदा है जिससे किसानों और आम जनता को खुद को मुक्त करना है। सरकार हठधर्मिता छोड़े और देश के किसानों की बात सुनकर तीनों कृषि कानूनों को वापस ले नही तो आंदोलन के चलते उनको अपने कदम वापस खींचने पर मजबूर होना ही पड़ेगा। इस दौरान विधानसभा प्रभारी सतेंद्र शर्मा, जोधराज सैनी, जाधवराम सैनी, शाहिल राणा, संजय सैनी, सन्दीप सैनी, भानु प्रताप, भावना अंजलि, राजेन्द्र गिरी, कृष्णपुरी, जगपाल, राकेश सैनी, राजेश सैनी,नाजिम त्यागी, पप्पू पीरजी, अमजद मलिक,इसरार शरीफ, आतिश गिरी, अरुण सैनी, अनित कुमार, अमरीश सैनी, जेनिश सैनी, सौरभ सैनी, रईस अहदम, सलीम पीरजी, इसमसिह, फरमान अहमद, इसरार, अमजद मलिक आदि उपस्थित रहें।

### ग्लेशियर टूटने से भारी तबाही

देहरादून, संवाददाता।उत्तराखंड में ग्लेशियर टूटने से बहुत बढ़ी त्रासदी आ गई हे। उपमा के सभी सदस्यों से अपिल करता हूँ की वो अपने परिवारों को सुरक्षित रखते हुए गंगा के किनारे जिस तरह की प्रशासन को सहयोग दे सकते हे दे। हमें हर तरह से सेवा करने के लिये तेय्यार रहना हे। कृपया अफवाह पर व उसे फेलने से रोके। राजीव घई

## विजयपाल राणा वायु सेना की प्रशानिक विग के प्रमुख बनें एयर मार्शल

टिहरी। उत्तराखंड के टिहरी जिले के धारमंडल पट्टी के नेल्डा गांव निवासी एयर मार्शल विजयपाल सिंह राणा एयर ऑफिसर इंचार्ज एडमिनिस्ट्रेशन बने हैं। वह वायु सेना प्रमुख के मुख्य सलाहकार भी हैं।

मूल रूप से नेल्डा गांव निवासी एयर मार्शल विजयपाल सिंह राणा ने अपने चार दशक के कार्यकाल में वायु सेना में कई महत्वपूर्ण पदों को संभाला है। वह डायरेक्टर जनरल एडमिनिस्ट्रेशन, असिस्टेंट चीफ ऑफ एयर स्टाफ, सीनियर एयर अफसर इन चार्ज एडमिनिस्ट्रेशन, कमांडेंट एयर फोर्स एडमिनिस्ट्रेटिव कॉलेज, प्रिंसिपल डायरेक्टर एयर फोर्स वर्कस में भी शामिल रहे हैं। उन्होंने कारगिल युद्ध और आपरेशन पराक्रम के दौरान फाइटर कंट्रोलर और राडार यूनिट के कमांडिंग अफसर के रूप में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वर्ष 1995 में उन्हें वायु सेना प्रमुख से प्रशंसापत्र, 2015 में राष्ट्रपति से विशिष्ट सेवा पदक मिला।

वेलिंगटन स्थित डिफेंस सर्विसेस स्टाफ कॉलेज से कोर्स करने के बाद वहां बतौर इंस्ट्रक्टर कार्य किया। जांबिया के स्टाफ कॉलेज में इंस्ट्रक्टर और वहां के मिलिट्री एडवाइजर के तौर पर भी उनकी तैनाती हुई। अब वह वायु सेना के प्रशासनिक विंग के प्रमुख बने गए हैं। उन्होंने एक फरवरी को पदभार संभाला है। एयर मार्शल पद पर पहुंचने वाले राणा उत्तराखंड के दूसरे वायु सेना अधिकारी हैं। उनका परिवार दिल्ली में रहता है। उनके पिता स्व. कुंदन सिंह राणा वन रेंजर थे, जबकि छोटे भाई अजयपाल राणा टिहरी वन विभाग में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी हैं। माता बचना देवी गृहणी हैं। सूबे के पूर्व शिक्षा मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी, प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन डा. महेश कुड़ियाल उनके सहपाठी रहे हैं।

# ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना में वर्ष 2021-22 के लिये 4200 करोड़ रूपए का परिव्यय प्रस्तावित



**देहरादून, संवाददाता।** केंद्रीय बजट में ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना में वर्ष 2021-22 के लिये 4200 करोङ रूपए का परिव्यय प्रस्तावित किया गया है। मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण और रेल मंत्री श्री पीयूष गोयल का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन और केन्द्र सरकार के सहयोग से उत्तराखण्ड में इन वर्षों में कनेक्टीवीटी के क्षेत्र में बहुत तेजी से काम हुआ है। पहाड़ में रेल का सपना जल्द ही साकार होने जा रहा है। ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल परियोजना में न्यू ऋषिकेश स्टेशन तैयार हो चुका है और यहां से ट्रेनों का संचालन भी शुरू हो चुका है। बाकी जगहों पर भी तेजी से काम चल रहा है। इस वर्ष के लिये बजट में प्रस्तावित 4200 करोङ रूपए से परियोजना टाईमफ्रेम में पूरा की जा सकेगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत लगातार ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल परियोजना की सीधी मानिटरिंग कर रहे हैं। राज्य सरकार के स्तर से आवश्यक औपचारिकताओं को समय पर पूरा कराया गया है। रेल विकास निगम के अधिकारियों के साथ ही रेलवे लाइन निर्माण हेतु विभिन्न पैकेजों में कार्य करने वाली कार्यदायी संस्थाओं की समस्याओं के त्वरित समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लिया गया है। वीरभद्र-न्यू ऋषिकेश ब्लॉक सेक्शन का काम पूर्ण हो चुका है। ऋषिकेश में एक आरओबी तथा एक आरयूवी भी तैयार हो चुका है। परियोजना के तहत 17 टनल के कार्यों को 10 पैकेज में बांटा गया है। लछमोली व श्रीनगर में अलकनंदा नदी पर आर.ओ.बी. का कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है। श्रीनगर, गौचर व सिवाइ में रोड ब्रिज का कार्य भी प्रगति पर है। ऋषिकेश-देवप्रयाग ब्लॉक सेक्शन का कार्य 2023-24 और देवप्रयाग-कर्णप्रयाग ब्लॉक सेक्शन का कार्य 2024-25 तक पूर्ण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उत्तराखण्ड के चारधाम यमुनोत्री, गंगोत्री, श्री केदारनाथ व श्री बद्रीनाथ को रेलवे सेवा से जोड़ने के लिए लगभग 327 किलोमीटर की कुल लम्बाई की 4 रेलवे लाईन अलाईनमेंट पर भी कार्य किया किया जा रहा है।

## षष्ठी तिथि बढने से दस दिन की होगी गुप्त नवरात्रि, 12 फरवरी को होगी शुरुआत

**हल्द्वानी, संवाददाता।** माघ माह में आने वाली गुप्त नवरात्रि इस बार दस दिनों की होंगी। षष्ठी तिथि दो दिन होने से नवरात्रि एक दिन बढ़ जाएगी। हिंदू पंचांग के अनुसार माघ की गुप्त नवरात्रि को साल के चार नवरात्र में आखिरी माना जाता है। शुक्ल पक्ष में ग्रह–नक्षत्रों के विशेष संयोग में गुप्त नवरात्र खास होने वाली हैं। कुंभ संक्रांति के साथ ही गुप्त नवरात्र की शुरुआत हो रही है। माघ की गुप्त नवरात्रि की शुरुआत गुरु के उदय के साथ होगी। गुरु तारा उदय होने से यह पर्व ज्यादा शुभ और फलदायी रहेगा।ज्योतिषाचार्य डा. नवीन चंद्र जोशी ने बताया कि हिंदू कैलेंडर के मुताबिक साल में चार नवरात्र होते हैं। चौत्र और अश्विन में प्रकट नवरात्रि होती है, जबकि माघ और आषाढ़ माह की नवरात्र को गुप्त माना जाता है। इस बार माघ की नवरात्रि 12 फरवरी से शुरू होगी और 21 को नवमी के साथ पूर्ण होगी। गुप्त नवरात्रि साधना कर सिद्धि पाने वालों के लिए मान्य है। यह गुप्त नवरात्रि गुरु के उदय के साथ शुरू हो रही है, इसलिए साधकों के लिए यह ज्यादा शुभ है।नवरात्र की शुरुआत 12 फरवरी को होगी। इसी दिन सूर्य मकर से कुंभ राशि में प्रवेश करेगा। इस क्रिया को कुंभ संक्रांति कहा जाता है। संक्रांति पर्व पर स्नान–दान, पूजा–पाठ करने का अत्यधिक महत्व है। नवरात्रि के समय कुंभ में सूर्य रहेगा। वहीं शुक्र मकर राशि, बुध, गुरु व शनि वृष राशि में रहेंगे। यह ग्रह स्थिति भी साधकों को सिद्धि के लिए अनुकूल है।

## ट्रक और छोटे हाथी की टक्कर में लालकुआं निवासी युवक की मौत

**लालकुआ, संवाददाता।** लालकुआं में मुक्तिधाम के पास हुई ट्रक व छोटे हाथी की भिड़ंत हो गई। इस दौरान हादसे में वार्ड नंबर तीन निवासी छोटा हाथी का चालक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन–फानन में उसे इलाज के लिए हलद्वानी लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद से पीडिघ्त परिजनों में कोहराम मचा है। वहीं सूचना पर पहुंची ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। देर रात लालकुआं किच्छा राष्ट्रीय राजमार्ग में मुक्तिधाम के पास हाथी लालकुआं की तरफ आ रहा था। तभी ट्रक संख्या यूपी 22 एटी7417 की चपेट में टक्कर हो गई। जिससे छोटा हाथी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान वार्ड नंबर तीन निवासी चालक रंजीत सिंह पुत्र संजीव शर्मा उम्र 30 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया।

## संक्षिप्त समाचार....

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, पुलिस ने शव को कब्जे लिया

**नैनीताल, संवाददाता।** नैनीताल के मल्लीताल क्षेत्र में एक किशोर ने घर पर ही फांसी लगा ली। परिजन और पुलिस किशोर को लेकर बीडी पांडे अस्पताल पहुँची। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। फिलहाल किशोर के शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है। गुरुवार को पंचनामा और पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि परिजनों की डांट से युवक क्षुब्ध था। मल्लीताल कोतवाली क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपने 17 वर्षीय पुत्र को किसी बात को लेकर डांट दिया। जिससे क्षुब्ध होकर बेटे ने घर के अंदर ही छत पर कुंडी से रस्सी फंसा कर फांसी लगा ली। परिजनों को जब इस बात का पता लगा तो उन्होंने बेटे को नीचे उतार तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद एसआई हरीश सिंह अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। जहां से वह किशोर को लेकर बीडी पांडे अस्पताल लाए। मगर अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### नए सत्र के लिए एक जून से प्राइवेट स्कूलों में शुरू होगा आरटीई के तहत एडमिशन

**हल्द्वानी, संवाददाता।** सत्र 2021–22 में प्राइवेट स्कूलों में पहली कक्षा में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत गरीब बच्चों के दाखिले की प्रक्रिया एक जून से शुरू होगी। आनलाइन प्रवेश वाले जिलों में नौ फरवरी को सभी प्राइवेट स्कूल आरटीई के पोर्टल में अपना रजिस्ट्रेशन कराएंगे। जिसके बाद पांच मार्च से छात्रों के आवेदन के लिए पोर्टल खोल दिया जाएगा। आरटीई प्रवेश को लेकर समग्र शिक्षा के अपर राज्य परियोजना निदेशक डा.मुकुल कुमार सती ने सभी मुख्य शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी किया है।बीते सालों की तरह ही इस साल भी अल्मोड़ा, चमोली, देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर में प्रवेश प्रक्रिया आनलाइन चलेगी। जबकि, पौड़ी गढ़वाल, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, चम्पावत, पिथौरागढ़, टिहरी, उत्तरकाशी में आफलाइन प्रवेश होंगे।

### रुद्रपुर में साइकर से टक्कर मारकर जेब से उड़ा लिए 70 हजार, पुलिस खंगाल रही है सीसीटीवी

**रुद्रपुर, संवाददाता।** रुद्रपुर में ट्रांजिट कैम्प निवासी व्यक्ति को उचक्के ने साइकल से टक्कर मारकर उलझा दिया। इस दौरान उसने उसकी जेब से 70 हजार उड़ा लिए। इस बात की खबर पीड़ित को घर पहुंचने पर हुई तो उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। मामले में पुलिस ने अज्ञात युवकों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपितों तक पहुंचने का पुलिस प्रयास कर रही है। ट्रांजिट कैम्प, ठाकुर नगर निवासी वासुदेव ने बताया कि बुधवार को वह रुद्रपुर आया हुआ था। इस दौरान उसने बैंक से एक लाख रुपये निकाले। इसके बाद वह पैदल ही घर को जाने लगा। बताया जा रहा है कि डीडी चौक पर जब वह पहुंचा तो साइकल सवार युवक ने उसे टक्कर मार दी। इससे पहले की वह संभलता तो साइकल सवार युवक के साथी ने शातिराना अंदाज में उसके जेब से 70 हजार पार कर लिया। बाद में जब वह घर पहुंचा तो जेब मे 30 हजार ही थे।

### कुमाऊं के अनेक स्थानों पर आज बारिश के आसार, ऊंचाई वाले इलाकों में होगा हिमपात

**हल्द्वानी, संवाददाता।** पश्चिमी विक्षोभ का सिस्टम उत्तराखंड पहुंच गया है। बुधवार को पिथौरागढ़ व बागेश्वर जिले की उच्च हिमालयी चोटियों पर ताजा हिमपात हुआ है। मौसम विभाग अगले 24 से 36 घंटों के दौरान पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय रहने की संभावना जताई है। इस दौरान कुमाऊं मंडल के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछार पडने की संभावना है। विशेषकर गुरुवार को नैनीताल समेत कुमाऊं में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछार पडने की संभावना है। मौसम विभाग ने 2200 मीटर व उससे अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर हिमपात होने का पूर्वानुमान जताया है। शुक्रवार को भी कुछ जगह बूंदाबांदी हो सकती है। मौसम में आने वाले बदलाव के बाद शुक्रवार से तापमान में फिर से गिरावट आने लगेगी।

# किसान हैं मंडी समिति में कराएं रजिस्ट्रेशन, बच्चों की शिक्षा में मिलेगी मदद

**हल्द्वानी, संवाददाता।** मंडी समिति जल्द ही किसानों के पंजीकरण की कवायद शुरू करेगी। इसके लिए बाकायदा गांव–गांव में कैंप लगाकर फार्म बांटे जाएंगे। यदि आप भी किसान हैं तो मंडी के पंजीकृत किसान बन सकते हैं। रजिस्ट्रेशन कराने के बाद आपको मंडी की ओर से किसान कार्ड दिया जाएगा। कार्ड की खासियत ये होगी कि इससे न केवल आपको दैवीय आपदा से फसल को नुकसान होने पर आर्थिक सहायता मिलेगी बल्कि आपके बच्चों को पढ़ाई में भी मदद मिलेगी। अध यक्ष मंडी समिति हल्द्वानी मनोज साह ने बताया कि इस बार गांव–गांव में कैंप लगाए जाएंगे। जिनके माध्यम से किसानों को रजिस्ट्रेशन फार्म आवंटित किए जाएंगे। साथ ही उन्हें किसान कार्ड से होने वाले फायदों की भी जानकारी दी जाएगी।किसान कार्ड बनने पर किसानों को तमाम सुविधाएं मंडी समिति उपलब्ध कराती है। आधुनिक कृषि यंत्र, स्टोरेज के लिए टोकरियां, क्रेट तक निश्शुल्क मिलेगी। इसके अलावा कुछ बड़ी योजनाएं भी हैं जो कुछ इस तरह हैव्यक्तिगत दुर्घटना सहायता रू मंडी समिति में पंजीकृत किसान को कृषि कार्य करने के दौरान किसी दुर्घटना का सामना करना पड़ता है तो उसके ऐवज में क्षतिपूर्ति के तौर पर परिवार को एक लाख रुपये दिए जाते हैं। मंडी में पंजीकृत किसान के बच्चों को राज्य के किसी भी सरकारी कृषि कालेज में अध्ययन करने के लिए 1500 रुपये प्रति माह छात्रवृत्ति का लाभ मिलता है। हालांकि उसका प्रवेश कृषि, वाणिज्य, मत्स्य जैसे विषयों में होना जरूरी है।कृषि उत्पादक फसल क्षति योजना रू दैवीय आपदा यानी ओलावृष्टि, बारिश, बाढ़, भू–स्खलन से फसल बरबाद होने पर भी मदद दी जाती है। इसमें प्रति किसान 15 हजार से 20 हजार रुपये तक की आर्थिक सहायता शामिल है।मंडी समिति में रजिस्ट्रेशन कर किसान कार्ड बनाने के लिए सबसे पहले आवेदन फार्म भरना जरूरी है। यह फार्म सीधे मंडी कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। किसान के पास खतौनी और आधार कार्ड होना जरूरी है।

## भीमलाल में पैराग्लाइडिंग साइट पर लैंडिंग के दौरान हादसा

**भीमताल, संवाददाता।** भीमताल में पैराग्लाइडिंग साइट पर बड़ा हादसा हो गया। बुधवार को लैंडिंग के दौरान पायलट को टेक ऑफ कराते समय कर्मचारी स्लिप कर गया। इस दौरान हादसे में वह घिसटता चला गया। उसके हाथ पैर टूट गए। प्राथमिक उचपार के बाद उसे हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। हल्द्वानी के चिकित्सकों ने भी गंभीर हालत को देखते हुए दिल्ली रेफर कर दिया। साथी उसे दिल्ली लेकर गए हैं जहां उसका उपचार कराया जा रहा है। करीब तीन बजे भीमताल के पांडे गांव की एक साइड पर पैराग्लाइडर उड़ने को तैयार था। टेकऑफ कराने के लिए हर साइड पर तीन चार युवक होते हैं, उनमें से एक युवक टेक आफ कराने के दौरान ही गिर गया।

# सूबे में एसटीएफ जबरदस्त एक्शन में, अब बंगाल जाकर इस अपराधी को दबोचा



चम्पावत। डीजीपी अशोक कुमार के निर्देशों पर एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह की टीम ने पश्चिम बंगाल से बैंक खाते हैक कर लाखो की ठगी करने वाले गिरोह का मास्टर माईड कोलकाता से गिरफ्तार किया है।

चम्पावत निवासी व्यक्ति द्वारा साईबर क्राईम पुलिस स्टेशन पर शिकायत दर्ज करायी की उन्हे अज्ञात मोबाईल नम्बर द्वारा फोन एवं एस0एम0एस0 के माध्यम से सम्पर्क किया गया तथा इंटरनेट बैंकिग का एक्सेस प्राप्त कर उनके से 30 लाख रुपये की ऑनलाईन निकासी कर दी गयी है, जिसके सम्बन्ध में वादी द्वारा की गई शिकायत के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 20/2020 पंजीकृत किया गया। प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुये प्रकरण के अनावरण, अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु विवेचना साईबर थाने में नियुक्त निरीक्षक विकास भारद्वाज को सुपूर्द कर एक टीम का गठन किया गया।

विवेचना के दौरान अभियुक्तो द्वारा प्रयोग किये गये मोबाईल नम्बर, बैंक खातो का विवरण प्राप्त कर विश्लेषण किया गया तो जानकारी हुई कि अभियुक्तों द्वारा वादी को जिन नम्बरों से सम्पर्क की गयी थी वे नम्बर पश्चिम बंगाल राज्य के होने पाये गये। बैंक खातों की जानकारी की गयी तो पता चला कि साईबर अपराधियो द्वारा पश्चिम बंगाल के 02 बैंक खातों का प्रयोग करते हुये धोखाधड़ी से 30 लाख की धनराशि स्थानान्तरित की गयी है। इन खातो के बैंक स्टेटमैन्ट का अवलोकन करने पर उक्त बैंक खातो से धनराशि अन्य बैंक खातो में स्थानान्तरित होनी पायी गयी। घटना में प्रयुक्त हुये बैंक खातों में कुछ माह की अवधि में ही लगभग 01 करोड़ से अधिक की धनराशि का लेनदेन होना पाया गया। प्रकरण में निरीक्षक विकास भारद्वाज के नेतृत्व में एक पुलिस टीम को अभियुक्तो की सुरागरसी, पतारसी एव गिरफ्तारी हेतु पश्चिम बंगाल भेजा गया है। पुलिस 'द्वारा उक्त अभियोग में संलिप्त 01 अभियुक्त को चिन्हित कर पश्चिम बंगाल के दूरस्थ जनपद 24 परगना से गिरफ्तार किया गया है'। अभियुक्त 'शातिर किस्म का साईबर अपराधी है और मास्टर माइंड' भी। जिसके द्वारा विभिन्न राज्यो के कई व्यक्तियो को इसी प्रकार ठगी का शिकार बनाया है।

STF/साईबर क्राईम पुलिस स्टेशन की टीम द्वारा अथक मेहनत व लगन से देश भर में 'खातो में सेंध लगाकर ठगी करने वाले संगठित गिरोह के सरगना (Master Mind) को देहरादून से लगभग 1600 कि.मी. दूर जाकर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

# देव भूमि व्यापार मंडल द्वारा प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित किया



–जफर अंसारी

हलदूचोड। देवभूमि उद्योग व्यापार मण्डल ने आज मेधावी छात्र छात्राओं के सम्मान मै सम्मान समारोह आयोजित किया, आदर्श स्कूल हलदूचौड़ मै आयोजित कार्यक्रम मै बोलते हुए संस्थापक अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर मेध ाावी छात्र छात्राओं को आर्थिक तंगी का सामना न करना पड़े, इसके लिए देवभूमि उद्योग व्यापार मण्डल हरसंभव सहयोग करेगा, मेधावी छात्र छात्राओं को मोमेंटो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों मै एन डी ए मै निकले छात्र रिशु सुयाल, इंटर मिडियेट मै 96.2% अंक लाने वाले गौरव कबडवाल, इंटर नेशनल बॉक्सिग चौंपियन लक्की राणा, इंटर नेशनल टेनिस क्रिकेट कि मीनाक्षी कबडवाल, नेहा बिष्ट, लक्की सनवाल,मयंक कार्की, गौरव बिष्ट, हर्षिता बमेठा, सौरव गरवाल, आशीष कबडवाल शामिल थे, इस अवसर पर खिचड़ी का सामूहिक भोज का भी आयोजन किया गया। समारोह में प्रदेश महामंत्री राजकुमार केसरवानी, हरेंद्र सिंह बोरा,एनके कपिल,डॉक्टर बालम सिंह बिष्ट, डॉ मोहन सिंह बिष्ट, जीवन सिंह कार्की, अतुल गुप्ता, प्रेम प्रकाश बिष्ट, नंदन दुर्गापाल, घनश्याम वर्मा, संध्या डालाकोटी, आफताब हुसैन, रमेश जोशी, संतोष कबडवाल, उमेश गुप्ता, देवेंद्र तिवारी, रोहित बिष्ट, गुरदयाल, दीवान सिंह बिष्ट, भास्कर सुयाल सहित कई लोग मौजूद थे।

# वनों की सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

नैनीताल। वन संपदा को बचाये रखने के लिए सभी के योगदान की नितांत आवश्यकता है। वन रहेंगे तो जीवन रहेगा। यह बात राजकीय इंटर कालेज क्यारी के प्रधानाचार्य अमित चौधरी ने कही। शनिवार को तराई वन प्रभाग बैलपड़ाव रेंज द्वारा क्यारी में अग्नि सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला की अध्यक्षता राजकीय इंटर कालेज क्यारी के प्रधानाचार्य द्वारा की गई। जिसमें वन संपदा व वन्य जीव को अग्नि से सुरक्षा व महत्ता के बारे में ग्रामीण व बच्चों को जागरुक किए जाने के लिए करने के कार्यक्रम किया गया। बैलपड़ाव रेंज के रेंजर संतोष पंत ने वन सम्पदा को अग्नि से बचाने के लिए लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि वन सबके लिए बहुत आवश्यक हैं इनके बिना जीवन अधूरा है। उन्होंने वन क्षेत्रों में आग लगने के कारणों ओर उनसे बचाव के उपाय की जानकारी भी दी। रेंजर पंत ने कहा कि अक्सर वन क्षेत्रों से लकड़ी बीनने ओर घास काटने जाने वाले लोग बीड़ी पीकर छोड़ देते है जो जरा सी लापरवाही के कारण वन संपदा को भारी नुकसान पहुचने में देर नही लगती।

उन्होंने जंगलो में अवैध पातन करने वालो की जानकारी भी वन विभाग को देनी चाहिए। बिना जन सहयोग के वनों की सुरक्षा किया जाना सम्भव नही है। कार्यक्रम के दौरान सभी ने वनों की सुरक्षा भी संकल्प लिया। इस दौरान ग्राम प्रहरी विनोद बुधानी, क्षेत्र पंचायत सदस्य दीप चंद, उप उप प्रधान संजय सती, पंचायत सदस्य राकेश शर्मा, शंकर सती, अनिल रावत, हरीश चंद, तारा चौबे आदि मौजूद रहे।

# तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी की अवैध पातन के विरुद्ध कार्यवाही

## डौली रेंज लालकुआ की टीम को मिली सफलता



–जफर अंसारी

लाल कुआं। प्रातः लगभग 11.30 बजे डौली रेंज लालकुआ की टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर लालकुआ– किच्छा नैशनल हाइवे पर शान्ति पुरी वन बैरियर के पास एक टाटा पिकअप/ छोटा हाथी रजिस्ट्रेशन नंबर UK06 CB 2647 को शीशम प्रकाष्ठ के 08 नग अवैध अभिवहन करने में धर दबोचा। ड्राईवर द्वारा गश्ती स्टाफ के मोटर साईकिल द्वारा पीछा किए जाने पर टक्कर मारने की कोशिश की व मौका देख कर छोटा हाथी को रोड किनारे छोड़कर गन्ने के खेतों में भाग कर गायब हो गया। रेंजर अनिल जोशी ने बताया कि प्रभागीय वनाधिकारी तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी श्री संदीप कुमार तथा उप प्रभागीय वनाधिकारी श्री ध्रुव सिंह मर्तोलिया के दिशा निर्देशों में वन उपज के अवैध पातन/खनन के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रकरण की सघनता से जांच की जा रही है तथा वाहन स्वामी का पता लगाया जा रहा है। प्राथमिक रुप से IFA 1927 की सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

टीम में डिप्टी रेंजर श्री मनोज जोशी वन दरोगा श्री शिव सिंह डांगी, श्री दिनेश पंत, श्री सत्येन्द्र नाथ दुबे,सामयिक कर्मी श्री अर्जुन भाकुनी, किशन सुयाल, अमजद खान, श्री सुरेन्द्र अधिकारी आदि थे।

# 19 वी उत्तराखंड क्रॉस कंट्री का आयोजन एसेट पब्लिक स्कूल के सहयोग से



–एच एल लोहनी

हल्द्वानी। 19 वीं उत्तराखण्ड के क्रास कंट्री का आयोजन एसेट पाब्लिक स्कूल के सहयोग से होने वाली क्रास कंट्री रेस में 13 जिलों की टीमों का पहुँचने का सिलसिला शुरू हो गया है। पूरे प्रदेश से लगभग 200 प्रतिभागियो के पहुचने की सम्भावना है, स्कूल प्रबन्धक दिनेश नैनवाल जोकि सामाजिक कार्यो में अपनीपूर्ण भागीदारी निभाते है, उनके द्वारा सभी खिलाड़ियों की रहने तथा खाने का प्रबन्ध स्कूल प्रबन्धन द्वारा एसेटपाब्लिक स्कूलपुरनपुर नैनवाल हल्द्वानी मैकिया गया है, स्कूल प्रवन्धन द्वारा किये जा रहे सहयोग से उत्तराखण्ड से आये सभी खिलाड़ी सन्तुष्ट है।

आज पहुँचें सभी प्रतिभागियो का स्कूल प्रबन्धन कमेटी द्वारा प्रमाण पत्रों का निरीक्षण किया गया, निरिक्षण करने के पश्चात ही प्रतिभागियों को प्रतिभाग करने का अवसर दिया जायेगा।

नैनीताल एथलेटक्स एसोसियन की अध्यक्षा चम्पा नैनवाल द्वारा विभिन्न जिलों से आये प्रबन्ध की आगवानी की। जिसमें उत्तराखण्ड ऐक्लेटिक्स ऐसोसियेसन्न के सचिव के.जे. कलसी, सचिव नरेश जोशी, उपाध्यक्ष दिनेश जोशी कोषाध्यक्ष घनश्याम पुजारा, ममता पाठक, जितेन्द्र पाठक, प्रियंका केनवाल, भावना जोशी, आदि प्रमुख लोगों ने सहयोग दिया।

## कृषक समूहों को 5-5 लाख तक ब्याज मुक्त ऋण

देहरादून। उत्तराखंड के किसानों के लिए तीन लाख का ब्याज मुक्त ऋण वितरण शनिवार से शुरू हुआ। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने रेसकोर्स स्थित बन्नू स्कूल परिसर से इस योजना का शुभारंभ किया। योजना के तहत 25 हजार किसानों को खेती किसानी के साथ ही मत्स्य पालन, जड़ी बूटी, मुर्गीपालन, मौनपालन आदि के लिए ऋण दिया गया। प्रदेश भर में 100 स्थानों पर एक साथ ऋण वितरण कार्यक्रम किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के 25 हजार किसानों को छ3–3 लाख तथा कृषक समूहों को द5–5 लाख तक का ब्याज मुक्त ऋण वितरण कार्यक्रम, किसानों ने अच्छा काम किया। अब सरकार किसानों को तीन लाख रुपये और समूह को पांच लाख का ब्याज मुक्त ऋण दे रही है।

# इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने पूछा, क्या ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड भारत का दौरा रद कर सकता था?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड की टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन इस बात से खुश नहीं है कि ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड ने साउथ अफ्रीका का दौरा स्थगित कर दिया है। वॉन का मानना है कि ये खेल के लिए बड़ी चिंता की बात है। इतना ही नहीं, माइकल वॉन ने ये भी पूछा है कि क्या क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया उस समय भी ऐसा करता जब वे भारत के दौरे पर जाने वाले होते? कोरोना वायरस महामारी का बहाना बनाते हुए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका का दौरा रद किया है। वॉन ने ट्वीट करते हुए कहा है, ष्ऑस्ट्रेलियाई टीम द्वारा साउथ अफ्रीका के दौरे से मना करना ये खेल के लिए एक बड़ी चिंता है। क्या वे भारत के दौरे को भी रद कर सकते हैं? इस कठिन समय में बिग थ्री (भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया) को वो सबकुछ करना चाहिए, जिससे दूसरे क्रिकेट बोर्डों को वित्तीय सहायता मिल सके।ष बता दें कि साउथ अफ्रीका के दौरे के लिए ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड ने टेस्ट टीम का ऐलान भी कर दिया था, लेकिन एकाएक दौरा रद हो गया।



ऑस्ट्रेलिया ने हाल ही में तीन वनडे, तीन टी20 और चार मैचों की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम की मेजबानी की थी, जहां मेजबानों ने सिर्फ वनडे सीरीज जीती, जबकि भारत ने टी20 और टेस्ट सीरीज को अपने नाम किया था। मंगलवार को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस बात का ऐलान किया था कि मौजूदा कोरोना वायरस महामारी की परिस्थितियों को देखते हुए साउथ अफ्रीका का दौरा स्थगित किया जा रहा है। इस पर क्रिकेट साउथ अफ्रीका नाखुश था। क्रिकेट साउथ अफ्रीका के क्रिकेट डायरेक्टर ग्रीम स्मिथ ने कहा कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया का निर्णय निराशाजनक था। उन्होंने कहा, सीए(क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया) के फैसले से हम बेहद निराश हैं।

## इरफान पठान ने पहले टेस्ट के लिए चुनी प्लेइंग इलेवन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच चार मैचों की टेस्ट सीरीज को शुरू होने में अब महज दो दिन रह गए हैं। 5 फरवरी शुक्रवार से सीरीज का पहला मुकाबला चेन्नई में खेला जाना है। इस पहले मुकाबले में भारतीय टीम का प्लेइंग इलेवन कैसा होगा इसको लेकर काफी बातें की जा रही है। दैनिक जागरण से बात करते हुए पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान ने बताया कि उनके मुताबिक इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में कैसा हो सकता है भारत का प्लेइंग इलेवन। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के पहले मैच के लिए भारतीय प्लेइंग इलेवन में इरफान ने अनुभवी रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआत करने के लिए युवा शुभमन गिल को चुना है। वहीं तीसरे नंबर पर चेतेश्वर पुजारा तो चौथे स्थान पर टीम में वापसी कर रहे कप्तान विराट कोहली हैं। इसके बाद उप कप्तान अजिंक्य रहाणे होंगे तो छठे नंबर पर विकेटकीपर रिषभ पंत।

## इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर का दावा- टेस्ट सीरीज में भारत में विकेटकीपरों को होती है परेशानी

लंदन, एजेंसी। चार मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर मैट प्रायर ने एक बड़ा दावा किया है। मैट प्रायर ने पहले तो ये कहा है कि भारतीय टीम को किस क्षेत्र में टेस्ट सीरीज में सबसे बड़ी चुनौती का सामना करना है। दूसरी बात उन्होंने ये कही है कि भारत में खेलना और खासकर लंबे प्रारूप में खेलना कठिन है औ विकेट कीपरों के लिए यह मानसिक रूप से बहुत कठिन होता है। भारत और इंग्लैंड के बीच चार टेस्ट, पांच टी20 इंटरनेशनल और तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज होनी है। टेस्ट सीरीज के पहले दो मुकाबले चेन्नई में खेले जाने हैं, जबकि अगले दो टेस्ट अहमदाबाद में खेले जाएंगे। सीरीज से पहले इंग्लैंड की टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज मैट प्रायर ने कहा है कि खिलाड़ियों को बहुत उमस भरे मौसम में कठिन दौरे के लिए तैयार करने की आवश्यकता है। इस तरह की परिस्थितियों में विकेटकीपिंग कठिन है। मैट प्रायर ने क्रिकइंफो से बात करते हुए कहा है, ष्भारत में टेस्ट क्रिकेट खेलना आकर्षण के बारे में है। विकेटकीपिंग के नजरिए से, दिन के पहले ओवर में जिमी एंडरसन 80 मील प्रति घंटा की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे होते हैं तो मैं सचमुच चार गज पीछे खड़ा होता। यह स्पष्ट रूप से बहुत गर्म और बहुत नम है। इसलिए आपको इस जगह को भरने के लिए तैयार रहना होगा। आप इससे दिमागी तौर पर भी खाली हो जाते हैं। उन्होंने कहा है कि इंग्लैंड में खेलने वाले खिलाड़ियों को भारत जैसे देशों में बहुत परेशानी होती है, क्योंकि वहां गेंद स्विंग होती है, लेकिन यहां कम मौके होते हैं। मैच प्रायर ने कहा है कि गर्म और उमस की वजह से विकेटकीपरों को काफी परेशानी होती है।

# पूर्व इंग्लिश क्रिकेटर की भविष्यवाणी, इंग्लैंड को टेस्ट सीरीज में 4-0 या 3-0 से हराएगा भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ खेली जाने वाली चार मैचों की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम का पलड़ा भारी माना जा रहा है। यहां तक के इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर भी टीम इंडिया के जीत की भविष्यवाणी कर रहे हैं। पूर्व क्रिकेटर डेविड लॉयड ने भारत के इस सीरीज में 4-0 या 3-0 के जीत की भविष्यवाणी की है। डेविड ने कहा, ष्भारतीय टीम ही फेवरेट होगी सीरीज में लेकिन यह इंग्लैंड के लिए अच्छा होगा कि वह एक अंडरडॉग की तरह उतरेंगे। श्रीलंका में दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलने का फायदा इंग्लैंड की टीम को मिलेगा क्योंकि भारत में कंडीशन लगभग वैसा ही मिलेगा। अगर मुझे सीरीज में किसी पर दांव लगाना हो तो वह भारतीय टीम ही होगी। सीरीज में नतीजे का अनुमान लगाते




हुए पूर्व इंग्लिश क्रिकेटर ने भारतीय टीम के विजेता बताया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि बिना किसी शक के भारतीय दमदार जीत दर्ज करेगी। सीरीज का नतीजा 3-0 या फिर 4-0 हो सकता है लेकिन अगर मैं गलत साबित हुआ तो मुझे काफी अच्छा लगेगा। पूर्व क्रिकेटर ने भारत को दुनिया की सबसे बेहतरीन टीम बताया, उन्होंने कहा, भारतीय टीम दुनिया की सबसे बेहतरीन टीम है उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को अपने नियमित कप्तान को बिना मात देकर दिखाया है। उनकी टीम काफी संतुलित है और बल्लेबाज बहुत ही कमाल के हैं।

# व्यापार

## लगातार चौथे महीने बढ़ा भारत का सर्विस सेक्टर, बढ़ी कारोबारी गतिविधियां




**नयी दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू मांग में सुधार के कारण भारत का सेवा क्षेत्र जनवरी में लगातार चौथे महीने बढ़ा और कारोबारी गतिविधियां तेज होने तथा आशावाद के चलते इस वृद्धि के टिकाऊ होने की उम्मीद है। एक मासिक सर्वेक्षण में बुधवार को यह बात कही गई। मौसमी रूप से समायोजित भारत का सेवा व्यवसाय गतिविधि सूचकांक जनवरी में बढ़कर 52.8 तक पहुंच गया, जो दिसंबर में 52.3 था। इस सूचकांक में 50 से अधिक अंक होने का अर्थ है कि कारोबारी गतिविधियां बढ़ रही हैं। सूचकांक जनवरी में लगातार चौथे महीने 50 से ऊपर रहा है। सर्वेक्षण में कहा गया कि वृद्धि की रफ्तार दिसंबर के मुकाबले अधिक रही है, लेकिन यह अभी भी अपने दीर्घावधि के औसत से कम है। प्रतिभागियों के मुताबिक विपणन प्रयासों, प्रतिष्ठानों के फिर से खोलने और मांग में मजबूती के चलते बिक्री को समर्थन मिला। आईएचएस मार्किट के अर्थशास्त्री पॉलियाना डी लीमा ने कहा कि भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां जनवरी में अच्छी गति से बढ़ीं, लगातार चौथे महीने नए कारोबार में बढ़ोतरी हुई, और दिसंबर के मुकाबले वृद्धि दर में इजाफा हुआ है।

## अमेजन के सीईओ का पद छोड़ेंगे जेफ बेजोस, जानिए कौन लेगा उनकी जगह



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** एक ऑनलाइन बुकस्टोर के रूप में अमेजन की शुरुआत करने और उसे खरीदारी तथा मनोरंजन की दुनिया का महारथी बनाने वाले जेफ बेजोस इस साल कंपनी के सीईओ का पद छोड़ देंगे। कंपनी द्वारा मंगलवार को जारी बयान के मुताबिक करीब 30 वर्षों तक इस पद पर रहने के बाद अब कार्यकारी अध्यक्ष की नई भूमिका में होंगे। बेजोस (57) गर्मियों में अपना पद छोड़ेंगे और उनकी जगह अमेजन के क्लाउड-कंप्यूटिंग व्यवसाय का संचालन करने वाले एंडी जेसी लेंगे। बेजोस ने कर्मचारियों को लिखे एक ब्लॉग पोस्ट में कहा कि कंपनी में नए उत्पादों और अमेजन में विकसित की जा रही शुरुआती पहलों पर ध्यान देने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि उनके पास अन्य परियोजनाओं के लिए अधिक समय होगा, जिसमें उनकी अंतरिक्ष अन्वेषण कंपनी ब्लू ओरिजिन, उनके द्वारा चलाए जाने वाले परोपकार के काम और वाशिंगटन पोस्ट की देखरेख शामिल है। बेजोस अमेजन के सबसे बड़े शेयरधारक हैं, और कंपनी के कामकाज पर उनका व्यापक प्रभाव बना रहेगा। अमेजन के मुख्य वित्तीय अधिकारी ब्रायन ओल्सवस्की ने संवाददाताओं को बताया, ''जेफ वास्तव में कहीं भी नहीं जा रहे हैं। यह कामकाम के पुनर्गठन जैसा है।

## नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार बोले, बजट के सुधार आर्थिक नरमी से देश को बाहर निकालेंगे

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने मंगलवार को कहा कि 2021-22 के बजट में जिन उपायों की घोषणा की गयी है, उसका मकसद भारत को कोविड-19 के कारण उत्पन्न नरमी से बाहर निकालना और निजी निवेश के लिये भारत को बेहतर गंतव्य बनाना है। कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ बातचीत में भरोसा जताया कि सरकार अगले वित्त वर्ष में 1.75 लाख करोड़ रुपये के विनिवेश लक्ष्य को पार करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि बजट में जिन सुधारों की घोषणा की गयी है, उससे 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी। कुमार ने कहा, ''वित्त वर्ष 2021-22 के बजट में किये गये उपायों का उद्देश्य वृद्धि को गति देना और भारत को कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न नरमी से बाहर निकालना है। उन्होंने कहा, ''बजट का मकसद निजी क्षेत्र में भरोसा बढ़ाकर बेहतर पहुंच और अवसर उपलब्ध कराना तथा भारत को निजी निवेश के लिहज से एक बेहतर गंतव्य बनाना भी है।'' बजट में रखे गये 1.75 लाख करोड़ रुपये के विनिवेश लक्ष्य के बारे में कुमार ने कहा कि पिछले 8-9 महीनों में इस मामले में कई काम किये गये हैं और अब बाजार स्थिति में बदलाव आया है।'' उन्होंने कहा, ''मुझे भरोसा है कि विनिवेश प्राप्ति लक्ष्य से अधिक रहेगी।'' कुमार ने कहा कि वित्त मंत्री ने पहली बार संपत्ति को बाजार पर चढ़ाने और विनिवेश के मामले में प्रगति पर नजर रखने के लिये वास्तविक समय पर जानकारी को लेकर 'डैशबोर्ड' की घोषणा की है। ''अत: इस बार क्रियान्वयन पर जोर है।'' उन्होंने कहा कि मजबूत निवेशक अगर नहीं आते, सरकार को अपनी तरफ से जोर लगाना होगा।

# अभिभावक संघ ने तीन माह की फीस माफी की मांग को लेकर किया धरना प्रदर्शन



**देहरादून।** उत्तराखंड अभिभावक संघ की ओर से तीन महीने की फीस माफी की मांग को लेकर शिक्षा विभाग के खिलाफ शनिवार को धरना–प्रदर्शन किया गया। साथ ही छठी तक की कक्षाओं को शुरू करने के फैसले पर विरोध जताया गया। उत्तराखंड अभिभावक संघ के अध्यक्ष रामकुमार सिंघल व मंत्री मनमोहन जायसवाल के अनुसार शनिवार को अभिभावक गांधी पार्क के बाहर एकत्र हुए।

यहां से डीएम कार्यालय तक मार्च निकाला गया। डीएम को ज्ञापन सौंपकर विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में अभिभावक आर्थिक रूप से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। इसलिए अप्रैल से जून तक की फीस माफ की जानी चाहिए। इस दौरान कई अभिभावकों को वेतन तक नहीं मिला था। वहीं शासन ने आठ फरवरी से छोटी कक्षाएं शुरू करने को लेकर अभिभावकों की राय तक नहीं जानी। यह फैसला एकतरफा है।

छोटी कक्षाएं एक घंटा देरी से, बाकी समय पर चलेंगी शासन की ओर से स्कूल खोले जाने के फैसले के बाद शासकीय, अशासकीय व निजी स्कूलों में छठी व इससे ऊपर की कक्षाएं शुरू करने को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। स्कूल अपने–अपने स्तर पर कक्षाओं के अनुसार छात्रों के प्रवेश व छुट्टी का समय तय करने में जुटे हैं, ताकि भीड़ की स्थिति से बचा जा सके। वहीं, महीनों से बंद पड़ी मिड–डे मील की रसोई को भी चालू करने की तैयारी है।

शासन की एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर) का अध्ययन के बाद अब शिक्षा विभाग के दिशा–निर्देशों का इंतजार है। वहीं, स्कूलों का मुख्य फोकस कक्षाओं के आने व जाने की समयसारिणी तैयार करने पर है। जिससे छात्रों को व्यवस्थित तरीके से सोशल डिस्टेंसिंग के साथ प्रवेश दिया जा सके। अधिकांश स्कूल छठी से आठवीं कक्षा के छात्रों को निर्धारित समय से आधे से एक घंटे देरी से बुलाने के पक्ष में हैं। इनकी छुट्टी भी निर्धारित समय से एक घंटा पहले की जा सकती है। 9वीं से 12वीं तक के छात्रों को पहले से तय समय पर स्कूल आना होगा।

उत्तरांचल प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश महामंत्री अवधेश कुमार कौशिक ने बताया कि अधिकांश स्कूल छठी से आठवीं कक्षा को देरी से बुलाने व जल्दी छुट्टी करने के पक्ष में हैं। स्कूल स्तर पर अलग–अलग समय तय किया जा रहा है। एक–दो दिन के भीतर स्कूल समय कर लेंगे। इसके अलावा कक्षाओं को सैनिटाइज किया जा रहा है।

मिड–डे मील की राशि को लेकर असमंजस शासन की ओर से जारी एसओपी में स्पष्ट है कि नई कक्षाएं शुरू होने पर मिड–डे मील के तहत छात्रों को भोजन भी दिया जाएगा। इसे लेकर स्कूलों में मिड–डे मील को दोबारा शुरू करने की तैयारियां भी चल रही हैं। आठ तारीख को पहले दिन से ही छात्रों को मिड–डे मील के तहत भोजन का लाभ मिलेगा। हालांकि, यह साफ नहीं हो पाया है कि अनुपस्थित छात्रों को राशन की राशि पहले की तरह बैंक खाते में मिलेगी या नहीं। इसे लेकर शिक्षकों में असमंजस बना हुआ है।

## 150 बेड के अस्थायी अस्पताल का काम अंतिम चरण में

**–सागर मलिक**

हरिद्वार। कुंभ मेले में श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए मेला स्वास्थ्य विभाग की ओर से उत्तरी हरिद्वार के पावनधाम में 150 बेड का अस्थायी अस्पताल तैयार कराया जा रहा है। अस्थायी अस्पताल में इंटेसिव केयर यूनिट (आइसीयू) और इंटेसिव कार्डियक केयर यूनिट (आइसीसीयू) की भी सुविध्ाा होगी। दस फरवरी तक निर्माण कार्य पूर्ण होने और 15 फरवरी तक अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग के हैंडओवर किया जा सकता है। अस्पताल में दस बेड बर्न यूनिट और 20 बेड आइसीयू और आइसीसीयू के लिए आरक्षित रहेंगे। अस्पताल में राउंड द क्लॉक इमरजेंसी की सुविधा भी मिलेगी और माइनर ऑपरेशन भी होंगे। मरीजों की सुविधा के लिए पांच एंबुलेंस की भी व्यवस्था रहेगी।

राउंड द क्लॉक अस्पताल संचालित करने को 237 चिकित्सकों, फार्मेसिस्ट व स्वास्थ्य कर्मियों की जरूरत होगी। मेलाधिकारी (स्वास्थ्य) डॉ. एएस सेंगर के अनुसार कुंभ मेले के लिए पहले रोड़ीबेलवाला में 150 बेड का अस्थायी अस्पताल बनना था, लेकिन भूमि मुहैया न होने के चलते अब पावनधाम में अस्पताल का निर्माण कराया जा रहा है। यहां 60 फीसद से अधिक निर्माण कार्य पूरा हो गया है। कुंभ में अतिरिक्त स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्थाएं वर्ष 2010 के कुंभ में जहां 300 बेड की व्यवस्था की गई थी, वहीं 2021 के कुंभ में इस बार अस्थायी अस्पतालों में 613 बेड की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही 1000 बेड के कोविड केयर सेंटर के लिए दो धर्मशाला महेश्वरी सेवा सदन व जम्मू यात्री भवन के अलावा ओम आयुर्वेदिक कॉलेज का अध्िाग्रहण किया गया है। 2000 बेड के कोविड सेंटर की व्यवस्था जगजीतपुर में की जा रही है। कोविड–19 के चलते इस बार अतिरिक्त व्यवस्थाएं की गई हैं।

## चमोली ग्लेशियर अपडेट, मुख्यमंत्री रावत ने प्रेस वार्ता कर दी नुकसान की जानकारी

देहरादून, संवाददाता। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने चमोली जिले के तपोवन क्षेत्र में आई आपदा को लेकर पूरा दौरा करने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस की और उन्होंने बताया कि सुबह सोशल मीडिया के जरिए उन को जैसे ही खबर मिली की ग्लेशियर टूटने से बड़ा हादसा हो गया है जिसमें ऋषि गंगा प्रोजेक्ट में 35 लोग काम कर रहे थे दो पुलिस कर्मचारी जो ड्यूटी पर थे वह भी लापता हैं इसके अलावा ऋषि गंगा प्रोजेक्ट से 5 किलोमीटर डाउन लाइन में एनटीपीसी का एक प्रोजेक्ट चल रहा था जिसमें लगभग 176 मजदूर काम कर रहे थे इसके अलावा दूर टनल में 1 में 15 लोग और दूसरे में 35 लोग मौजूद थे और इस घटना की जानकारी उनको स्थानीय लोगों ने दी तो वह 35 से 40 लोग ऊपर निकल आए। फिलहाल बचाव और राहत कार्य तेजी के साथ चल रहा है एनडीआरएफ एसडीआरएफ आइटीबीपी और सेना सभी मौके पर रेस्क्यू कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र



सिंह रावत ने बताया कि घटनास्थल के पास 17 गांव में से 11 गांव के लोग उस क्षेत्र में मौजूद हैं बाकी इस समय पलायन कर नीचे की तरफ आ जाते हैं उन 11 गांव के लोगों की आवश्यकता के लिए बरेली से सेना के हेलीकॉप्टर वहां पहुंच गए हैं इसके अलावा राज्य सरकार के हेलीकॉप्टर भी मौजूद हैं गोचर से आईटीबीपी के 90 जवानों को भी वहां मदद के लिए रखा गया है मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि जैसे ही खबर प्रध्ाानमंत्री तक पहुंची तो उनका फोन आया उन्होंने कहा कि किसी तरह की मदद चाहिए तो आप तत्काल पीएमओ में संपर्क करें उसके बाद गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी का भी फोन आया घटना की जानकारी के बाद यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पतंजलि के आचार्य बालकृष्ण सहित मुकेश अंबानी के बेटे आनंद अंबानी सहित कई शुभचिंतकों के फोन आए हर किसी ने देवभूमि की मदद के लिए पूरा आश्वासन दिया है इस दौरान मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि मृतकों के परिजनों को राज्य सरकार 400000 की आर्थिक सहायता करेगी साथ ही चार पांच लोगों के स्थानीय लोगों के कैजुअल्टी की भी सूचना मिली है और 180 भेड़ बकरी भी इस आपदा में बह गए हैं।

### आंगनबाडी स्कूलो में ड्रांइग प्रतियोगिता



देहरादून, संवाददाता। जबसे कोरोना महामारी ने अपना प्रकोप दिखाया है तभी से सभी स्कूल व कालेज बंद होकर पढाई आनलाइन चल रही है इसी के चलते आंगनबाडी मे भी पढाई व कार्यक्रम भी आनलाईन ही चल रहे है, इसी बीच वहा ड्रांइग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमे गर्व सहगल व अनेक बच्चो ने प्रतिभाग लिया।

## हरिद्वार कुंभ 2021, मेला क्षेत्र में बिना पास के नही मिलेगी एंट्री, यहाँ कराना पड़ेगा रजिस्ट्रेशन

देहरादून, संवाददाता। कुंभ स्नान के लिए आने वाले यात्रियों को मेला पास जारी किए जाएंगे। बिना पास के किसी यात्री को कुंभ मेला क्षेत्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। वहीं कुंभ ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों के कोरोना टीकाकरण के लिए शासन को 70 हजार टीके की डिमांड भेजी गई। सोमवार से कुंभ मेला ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों का टीकाकरण शुरू किया जाएगा। शनिवार को मेला सभागार में पत्रकारों से बातचीत में जिलाधिकारी सी. रविशंकर ने बताया कि महाकुंभ के दौरान देशभर से हरिद्वार आने वाले यात्रियों को अपना रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए यात्रियों को आरटीपीसीआर रिपोर्ट, मेडिकल प्रमाणपत्र और पहचान पत्र को अधिकृत पोर्टल पर अपलोड करना होगा। इसके बाद यात्री को कुंभ मेला पास जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्नान के लिए आने वाले यात्रियों को पास दिखाना जरूरी होगा। जिलाधिकारी ने बताया कि आज (रविवार) को स्वास्थ्यकर्मियों के टीकाकरण की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। सोमवार से फ्रंटलाइन कर्मचारियों को कोरोना का टीका लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए सौ केंद्र चिह्नित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि पहले चरण में कुंभ मेला ड्यूटी में तैनात फ्रंटलाइन कर्मचारियों को कोरोना का टीका लगाया जाएगा। इसके लिए शासन को 70 हजार टीके की डिमांड भेजी गई है। उन्होंने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर पूरे मेला क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान भी चलाया जाएगा। रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल हुआ तैयार कुंभ स्नान के लिए आने वाले यात्रियों के रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल तैयार हो गया है। हरिद्वार आगमन से पहले यात्रियों को इस पोर्टल पर अपनी आरटीपीसीआर रिपोर्ट, मेडिकल प्रमाणपत्र और पहचान पत्र अपलोड करना होगा। यात्रियों को ऑनलाइन ही पास जारी किए जाएंगे। यात्री रजिस्ट्रेशन के लिए ू ीतपकूंतानउईीउमसं2021.बवउ पर आवेदन कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशनकी अनिवार्यता जताया एतराजकुंभ स्नान के लिए हरिद्वार आने वाले यात्रियों के लिए पास की अनिवार्यता करने पर संतों, तीर्थ पुरोहितों और व्यापारियों ने कड़ा ऐतराज जताया है। व्यापारियों का कहना है कि यदि प्रशासन ने इस व्यवस्था में बदलाव नहीं किया तो आंदोलन किया जाएगा। सरकार कुंभ नहीं कराना चाहती है। इसलिए यात्रियों पर कोरोना के नाम पर ऐसे नियम थोपे जा रहे हैं। यात्री नहीं आएंगे तो मंदी की मार झेल रहे व्यापारी बर्बाद हो जाएंगे। शासन प्रशासन के इस निर्णय के विरोध में आंदोलन किया जाएगा।

संजीव चौधरी, अध्यक्ष प्रदेश व्यापार मंडल सरकार को कुंभ का आयोजन नहीं करना है तो साफ कह दे। ऐसी पाबंदियों से देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ न करें। पोर्टल पर रिपोर्ट और दस्तावेज अपलोड करने और पास जारी करने की पाबंदी का संत समाज पुरजोर विरोध करेगा।

– महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती, श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी सरकार की कुंभ की तैयारी अधूरी है। अपनी कमी को छुपाने के लिए सरकार कोरोना संक्रमण की आड़ ले रही है। जब प्रयागराज में माघ मेले में लाखों श्रद्धालु स्नान कर सकते हैं तो फिर महाकुंभ के आयोजन पर क्यों पाबंदी लगाई जा रही है।

– अंशुल श्रीकुंज, तीर्थ पुरोहित

सरकार अपनी नाकामी को छुपाना चाहती है। इसलिए कोरोना को बहाना बनाया जा रहा है। पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था का विरोध्ा किया जाएगा। हमारी मांग है कि सरकार भी कुंभ के आयोजन को लेकर अपना रुख साफ करे।

– महंत लोकेश दास, परमाध्यक्ष जगन्नाथ आश्रम


**सप्तहिक वैशवारा समाचार पत्र के प्रतिनिधिगण**

प्रशांत राजपूत मो० 8010122003
जी.एस.आनंद मो०9897009013,
दीपक जेठी मो० 7500112415
दिनेश कुकरेती मो० 9837161518
जफर अंसारी मो० 9917713717
नसीम मलिक मो० 6395094637
सुशील मिस्रा मो० 8126252681
हेम चंद्र लोहनी मो० 8859802990
सेवा सिंह मठारू मो० 8279921954

वैशवारा पत्र के प्रधान संपादक रमाकांत पाडेंय (गोपालपुरी) लिए प्रकाशक एवं मुद्रक सागर मलिक द्वारा कन्हैया विहार देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित किया। स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सागर मलिक ने डी.जी. प्रिंटर्स 48/1 घोषी गली दे०दून उत्तराखंड से प्रकाशित किया।

**संपादक**
सागर मलिक
मो 9410149826
**अतिथि लेखक**
राकेश कुमार भाटी
मो 9557777555
**सहसंपादक– जी.एस. आनंद**
मो–9897009013
**सहसंपादक– बलबीर कुमार तलवाड़** मो 6398779475
**कानूनी सलाहकार**
एडवोकेट अरविंद सिंह
बिकेश सिंह नेगी
Email:
vvnewsvaashvara.123@ gmail.com